संपूर्ण भारत के लिए एक प्रकाशन

RNI REG. No.-CHHHIN/2004/15050
डाक पंजीयन क्रमांक-013/रायगढ़/2020-2022

# दैनिक घटती घटना

www.ghatatighatana.com
ghatatighatana11@gmail.com

अम्बिकापुर, वर्ष 19,अंक -113 बुधवार,22 फरवरी 2023, पृष्ठ -8 मूल्य 2 रूपये
मूल्य :-2/- पृष्ठ 08

# सांसद छाया वर्मा को संसद रत्न अवार्ड




### 13 सांसदों का हुआ चयन

**नई दिल्ली/रायपुर,21 फरवरी 2023(ए)।** लोकसभा और राज्यसभा के 13 सांसदों को संसद रत्न अवार्ड 2023 नामित किया गया है। नामित सांसदों में छत्तीसगढ़ की राज्यसभा सांसद छाया वर्मा भी शामिल हैं।

केंद्रीय मंत्री अर्जुन राम मेघवाल की अध्यक्षता और पूर्व मुख्य चुनाव आयुक्त एस कृष्णमूर्ति की सह-अध्यक्षता में प्रतिष्ठित सांसदों और नागरिक समाज की जूरी ने सांसदों को नामित किया है।

जूरी ने विशेष पुरस्कार श्रेणी के तहत विभागीय रूप से संबंधित दो स्थायी समितियों और एक प्रतिष्ठित नेता को भी नामांकित किया गया। समिति में प्रतिष्ठित सांसद और नागरिक समाज के सदस्य शामिल हैं।

### इन नेताओं का नाम शामिल

संसद रत्न अवार्ड के लिए कांग्रेस के अधीर रंजन चौधरी, भाजपा के बिद्युत बरन महतो, डॉक्टर सुकांत मजूमदार, कांग्रेस के कुलदीप राय शर्मा, भाजपा के विजयकुमार गवित, गोपाल शेट्टी, सुधीर गुप्ता और एनसीपी के डॉ. अमोल रामसिंह कोल्हे को 17 वीं लोकसभा में विभिन्न श्रेणियों के तहत उनके प्रदर्शन के लिए शामिल किया गया है।

अवार्ड के लिए नामांकन 17 वीं लोकसभा की शुरुआत से लेकर शीतकालीन सत्र 2022 के अंत तक प्रश्नों, निजी सदस्यों के बिलों और सदस्यों की बहस के दौरान उनके प्रदर्शन पर आधारित हैं। संसद के सदस्यों के प्रदर्शन डेटा को पीआरएस द्वारा उपलब्ध कराए गए आंकड़ों से प्राप्त किया गया है।

### राज्यसभा से छाया वर्मा, मनोज झा, फौजिया तहसीन भी नामित

राज्यसभा में 2022 में बेहतर प्रदर्शन के लिए सीपीएम के सदस्य जॉन ब्रिट्स, राजद के मनोज झा और एनसीपी की फौजिया तहसीन अहमद खान को 'वर्तमान सदस्य' श्रेणी के तहत नामित किया गया है।

वहीं, विशंभर प्रसाद निषाद (सपा) और छाया वर्मा (कांग्रेस) को अपने कार्यकाल के दौरान उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए सेवानिवृत्त सदस्य श्रेणी के तहत नामित किया गया है।




## पटरी पर दौड़ने को तैयार देश की पहली रैपिड रेल

### हवाई जहाज जैसी सुविधाओं से लैस हैं ये ख़ास ट्रेन

**नई दिल्ली,21 फ रवरी 2023(ए)।** नए साल पर रेलवे अपने यात्रियों को एक बड़ा तोहफा देने जा रहा हैं। जी हां बहुत जल्द ही रेलवे अब रैपिड रेल की शुरुआत करने जा रहा है। नाम के हिसाब से आपने अंदाजा लगा ही लिया होगा कि ये रेल बाकी रेलगाड़ियों से तेज होगी। देश की पहली रैपिड रेल ट्रायल रन के बाद पटरियों पर दौड़ने को पूरी तरह से तैयार हैं। इस रैपिड रेल में मेरठ से दिल्ली तक का सफर सिर्फ 45 मिनट में किया जा सकता हैं।

इसके पहले सेक्शन की शुरुआत अब किसी भी दिन हो सकती है। पहला सेक्शन गाजियाबाद के दुहाई से साहिबाबाद तक है जो 17 किलोमीटर है. इस बीच पांच स्टेशन हैं। मीडिया रिपोर्ट्स की मानें तो 2025 में रैपिड रेल यात्रियों के लिए तैयार हो जाएगी। इतना ही नहीं प्रथम चरण में 13 रैपिड ट्रेनों के ही संचालन करने का प्लान हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### आयुष्मान योजना में धोखाधड़ी मामले में 13 अस्पतालों पर कार्रवाई

**जम्मू ,21 फरवरी 2023(ए)।** जम्मू-कश्मीर राज्य स्वास्थ्य एजेंसी (एसएचए) ने आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना (एबी-पीएमजेएवाई) में धोखाधड़ी के लिए 13 अस्पतालों के पैनल से निलंबित कर दिया है और 17 अन्य पर भारी जुर्माना लगाया है। अधिकारियों ने कहा कि 2022 में फर्जी गतिविधियों में शामिल अस्पतालों पर 1.77 करोड़ रुपए से अधिक का जुर्माना लगाया गया है, जिसमें से 1.34 करोड़ रुपए से अधिक की राशि एसएचए द्वारा अब तक वसूल की जा चुकी है। आधिकारिक सूत्रों के अनुसार, जिन अस्पतालों को कार्रवाई का सामना करना पड़ा है, उनमें इब्न सिना अस्पताल पर 24 लाख रुपए का जुर्माना लगाया गया और निलंबित, क्वालिटी केयर अस्पताल पर 6.64 लाख रुपए, नारायणा अस्पताल पर 54.62 लाख रुपए का जुर्माना लगा, इसबी अस्पताल के पैनल को निलंबित और वसीम मेमोरियल अस्पताल को पैनल से निलंबित कर दिया गया है। इसके अलावा चनापोरा (श्रीनगर) के फ्लोरेंस अस्पताल पर 5 लाख रुपए का जुर्माना लगाया गया, शादाब अस्पताल पर 22 लाख रुपए का जुर्माना, मोहम्मदिया अस्पताल पर 6 लाख रुपए जुर्माना लगाया गया,

### ठाकरे-शिंदे विवाद मामले पर आज सुनवाई करेगा सुप्रीम कोर्ट



**नई दिल्ली ,21 फरवरी 2023(ए)।** शिवसेना के नाम और सिंबल की लड़ाई के बीच सुप्रीम कोर्ट ने एंट्री कर दी है। सुप्रीम कोर्ट अब इस मुद्दे पर सुनवाई करेगा। चुनाव आयोग के आदेश के खिलाफ उद्धव की याचिका पर सुप्रीम कोर्ट कल दोपहर 3.30 बजे सुनवाई करेगा। बता दें, चुनाव आयोग ने शिवसेना का नाम और पार्टी का सिंबल शिंदे गुट को देने का फैसला किया था, जिसके बाद उद्धव गुट ने सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटकाया था। उद्धव सोमवार को संविधान पीठ के समक्ष तत्काल सुनवाई चाहते थे। हालांकि अदालत ने यह कहते हुए सुनवाई नहीं की थी कि अर्जेंट सुनवाई के लिए एक प्रक्रिया है, जिसका पालन किया जाना जरूरी है। वहीं सुनवाई के लिए उद्धव गुट की तरफ से दलील दे रहे कपिल सिब्बल ने कहा कि पहले ही उद्धव गुट के कार्यालय पर कब्जा किया जा चुका है। अगर इसकी सुनवाई नहीं हुई तो उनके बैंक खाते भी छीन लिए जाएंगे। चुनाव आयोग का आदेश सिर्फ विधानसभा के 33 सदस्यों पर आधारित है।

## सांसद फूलोदेवी नेताम पर हो सकती है विशेषाधिकार हनन की कार्रवाई

### सभापति धनकड ने दी 12 सासंदों की जांच की मंजूरी



**नई दिल्ली ,21 फरवरी 2023(ए)।** संसद के बजट सत्र के दौरान कई सदस्यों ने राज्यसभा की कार्यवाही में व्यवधान उत्पन्न किया। इससे नाराज राज्यसभा के सभापति जगदीप धनकड़ इन 12 सदस्यों के खिलाफ कथित विशेषाधिकार हनन की जांच करने को मंजूरी प्रदान की है।

इन 12 सदस्यों पर बार.बार सदन के वेल में जाने, नारेबाजी करने और कार्यवाही में व्यवधान डालने का आरोप है। इनमें छत्तीसगढ़ की सांसद फूलोदेवी नेताम का नाम भी शामिल है। 12 में 9 सदस्य कांग्रेस के राज्यसभा बुलेटिन के अनुसार, इन 12 सदस्यों में नौ सदस्य कांग्रेस और तीन सदस्य आम आदमी पार्टी के हैं। कांग्रेस सदस्यों में शक्तिसिंह गोहिल, नरनभाई जे राठवा, सैयद नासिर हुसैन, कुमार केतकर, इमरान प्रतापगढ़ी, एल हनुमंथैया, फूलो देवी नेताम, जेबी माथेर हिशाम व रंजीत रंजन शामिल हैं। आप सदस्यों में संजय सिंह, सुशील कुमार गुप्ता व संदीप कुमार पाठक के नाम पर जांच होगी। बता दें कि बजट सत्र के पहले चरण में विपक्षी सांसदों की वजह से बार बार राज्यसभा की कार्यवाही बाधित हुई। इस वक्त राज्यसभा में 14 फरवरी से 12 मार्च तक अवकाश है।

## पंजाब,हरियाणा समेत देशभर में 70 से ज्यादा ठिकानों पर एनआईए की रेड




**नई दिल्ली ,21 फरवरी 2023(ए)।** मंगलवार सुबह देशभर में 70 से ज़्यादा ठिकानों पर एनआईए ने बड़ी छापेमारी की है। ये कार्रवाई गैंगस्टर्स और उनके सिंडिकेट के खिलाफ की गई है। ये छापेमारी पंजाब, हरियाणा, राजस्थान, यूपी समेत कई इलाकों में की गई है। जानकारी के अनुसार, रेड की यह कार्रवाई हरियाणा के सिरसा और नारनौल में गैंगस्टरों के ठिकानों पर हुई।

बताया जाता है कि यह रेड गैंगस्टर टेरर फंडिंग केस में हुई है। पंजाब, हरियाणा, राजस्थान, दिल्ली, चंडीगढ़, पंजाब, गुजरात और मध्य प्रदेश में हुई एक साथ कार्रवाई से हड़कंप मच गया। सिरसा के कालांवाली में भी टीम पहुंची है। इससे पहले भी कालांवाली में जग्गा सिंह और डबवाली में चौटाला में छोटू भाट के निवास पर रेड पड़ चुकी है। बठिंडा में गैंगस्टर रम्मी के घर पर टीम ने रेड की। इसके अलावा प्रदेश में और भी कई जगह छापेमारी की गई है।

## सीएम शिंदे के गुट से मिली मौत की धमकी : संजय राउत



**मुंबई ,21 फरवरी 2023(ए)** शिवसेना-यूबीटी सांसद संजय राउत ने मंगलवार को दावा किया कि मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के बेटे और ठाणे के सांसद श्रीकांत शिंदे द्वारा कथित रूप से सुपारी पर रखे गए हत्यारे से उन्हें जान से मारने की धमकी मिल रही है। उन्होंने मंगलवार को भेजे पत्र में गृह मंत्रालय संभाल रहे डिप्टी सीएम देवेंद्र फडणवीस के संज्ञान में मामला लाया है। राउत, जो शिवसेना-यूबीटी के मुख्य प्रवक्ता भी हैं, उन्होंने कहा कि हाल के दिनों में निर्वाचित प्रतिनिधियों पर धमकियों और हमलों में वृद्धि हुई है जो महाराष्ट्र की परंपराओं के विपरीत है।

उन्होंने कहा- राज्य में सत्ता परिवर्तन के बाद, मेरी पूरी सुरक्षा हटा ली गई है। मुझे उस पर कोई शिकायत नहीं है। इस तरह के राजनीतिक फैसले होते रहते हैं। जनप्रतिनिधियों की सुरक्षा राज्य सरकार से संबंधित है और गृह विभाग इसे संभालने में सक्षम है।राउत ने तर्क दिया- फिर भी, मैं आपके ध्यान में एक गंभीर मुद्दा लाना चाहता हूं। मुझे पता चला है कि ठाणे के एक खूंखार माफिया डॉन, राजा ठाकुर को सांसद श्रीकांत शिंदे ने मुझे निशाना बनाने की सुपारी दी है। राज्य में मौजूदा राजनीतिक परिदृश्य को देखते हुए, यह इस पर आपको अपडेट रखना जरूरी है।

राउत से पहले,राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) के वरिष्ठ नेता डॉ. जितेंद्र आव्हाड ने पिछले सप्ताह उन्हें और उनके परिवार को मारने की धमकी देने का दावा किया था,जबकि इस सप्ताह, पूर्व सीएम और कांग्रेस के वरिष्ठ नेता अशोक चव्हाण ने भी उन्हें मारने की साजिश का आरोप लगाया है।

पार्टी सूत्रों ने कहा कि राउत ने ठाणे पुलिस को शिंदे और अन्य लोगों का नाम भी लिखा है जो उन्हें कथित तौर पर धमकी दे रहे हैं, हालांकि सरकार की ओर से अभी तक कोई प्रतिक्रिया नहीं आई है।

## ईडी की छापेमारी पर प्रियंका गांधी की का बीजेपी पर हमला



**नई दिल्ली/रायपुर,21 फरवरी 2023(ए)।** रायपुर में 24 फरवरी से होने वाले कांग्रेस का अधिवेशन से पहले छत्तीसगढ़ में कांग्रेस नेताओं के ठिकानों पर ईडी की छापे मारी को लेकर कांग्रेस की यूपी प्रभारी प्रियंका गांधी ने भाजपा पर बड़ा हमला बोला है। प्रियंका गांधी ने ट्वीट कर कहा, प्रधानमंत्री जी के मित्र गौतम अडानी पर शेल कंपनियों के जरिए घपला व अन्य कई गंभीर आरोप लगे। लेकिन, क्या आपको कोई भी एजेंसी इसकी जांच करते दिखी। लेकिन, कांग्रेस अधिवेशन में अड़ंगा डालने व मोदी जी और उनके मित्र के बीच की सांठगांठ पर उठ रही आवाजों पर एजेंसियां लगा दी गई हैं

प्रियंका गांधी ने आगे कहा कि, भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस निडर होकर देश के मुद्दों पर आवाज उठाती रहेगी। कांग्रेस अधिवेशन में हम महंगाई, बेरोजगारी और भ्रष्टाचार के खिलाफ बुलंद आवाज उठाने का संकल्प लेंगे। कठपुतली एजेंसियों का डर दिखाकर आप देश की आवाज को दबा नहीं सकते।

## अग्निपथ भर्ती नियमों में बड़ा बदलाव

**नई दिल्ली ,21 फरवरी 2023(ए)।** केंद्र की एनडीए सरकार ने सेनाओं में जवानों की भर्ती के लिए नई योजना बनाई थी जिसमें युवा खुलकर सेना में भर्ती होने के लिए दिन-रात एक कर अपना दमखम दिखा रहे है। केंद्र ने अग्निपथ योजना का ऐलान किया था। सरकार ने अब योजना को लेकर एक बड़ा बदलाव किया है। इसके तहत आईटीआई- पॉलिटेक्निक पास आउट आवेदन भी कर सकेंगे।




सेना ने अग्निपथ भर्ती प्रक्रिया में भाग लेने के लिए एलिजिबिलिटी क्राइटेरिया को बढ़ा दिया है। प्री स्किल्ड युवा भी अग्निपथ भर्ती में हिस्सा ले सकेंगे। आईटीआई-पॉलिटेक्निक पास आउट टेक्निकल ब्रांच में आवेदन कर सकेंगे। इस बड़े बदलाव के बाद अब और अधिक युवा उम्मीदवारों को नौकरी मिलने का अवसर बढ़ गया है।

## इंडिगो की फ्लाइट में बम की अफवाह



**रांची ,21 फ रवरी 2023(ए)।** दिल्ली से झारखंड के देवघर आने वाली इंडिगो की फ्लाइट में बम होने की सूचना से हड़कंप मच गया। इसके बाद फ्लाइट की इमरजेंसी लैंडिंग लखनऊ एयरपोर्ट पर कराई गई। सूचना के अफवाह निकलने पर एहतियात के तौर पर लखनऊ में इमरजेंसी लैंडिंग के बाद मॉक ड्रिल भी किया गया। बताया जाता है कि लखनऊ के चौधरी चरण सिंह इंटरनेशनल एयरपोर्ट (अमौसी एयरपोर्ट) पर दोपहर 12:20 बजे फ्लाइट की लैंडिंग के बाद उसे आइसोलेशन बे में ले जाया गया। हवाई अड्डे पर सुरक्षा खतरे का पता लगाने के लिए जांच की गई। लेकिन यह सूचना अफवाह निकली। जांच पूरी होने के बाद विमान को देवघर के लिए फिर रवाना किया गया।

इस बाबत इंडिगो एयलाइंस की ओर जारी बयान में कहा गया कि दिल्ली से देवघर जा रही इंडिगो की फ्लाइट संख्या 6 ई 6191 को बम की धमकी के बाद लखनऊ एयरपोर्ट डायवर्ट कर दिया गया। वहां सभी आवश्यक सुरक्षा प्रोटोकॉल का पालन किया गया और विमान को टेकऑफ के लिए मंजूरी दे दी गई। एयरलाइंस ने बताया कि उसकी ओर से जांच में सुरक्षा एजेंसियों का सहयोग किया गया। इंडिगो के अधिकारियों ने कहा कि टेकऑफ के दौरान सभी आवश्यक सुरक्षा प्रोटोकॉल का पालन किया गया।


## चार साल के मासूम को कुत्तों ने बेरहमी से नोचा



### गर्दन से पकड़ा और हुई मौत

**हैदराबाद,21फरवरी 2023 (ए)।** बीते कई महीनों से कुत्तों का आतंक बढ़ता ही जा रहा है। देश भर के कई राज्यों से इंसानों पर कुत्तों के हमले की घटनाएं बढ़ती ही जा रही है। कभी किसी सोसायटी तो कभी सड़क पर ही पालतू और आवारा कुत्ते लोगों पर हमला कर रहे हैं। ऐसा एक दर्दनाक मामला हैदराबाद से सामने आया है जहां सड़क पर बैठे तीन कुत्तों ने चार साल के एक मासूम को नोच-नोच कर मार डाला।

वीडियो में देखा जा रहा है कि बच्चा सड़क पर अकेला जा रहा था तभी तीन कुत्ते उसके आस-पास दौड़ने लगे। बच्चा उनसे डरकर जैसे ही भागने लगा, कुत्तों ने उस पर हमला बोल दिया। पहले कुत्तों के धक्के से बच्चा गिर गया और जैसे ही वो गिरा कुत्तों ने उसकी गर्दन पकड़कर उसे घसीटना शुरु कर दिया। सभी कुत्ते एक साथ मिलकर उसे नोचने लगे और उसे कार के नीचे ले गए जहां उसे बुरी तरह से नोच दिया।



## सिर्फ बेटा ही नहीं,बल्कि बाप भी है हत्यारा

### पुराना हिस्ट्रीशीटर है साहिल का पिता

**नई दिल्ली,21 फरवरी 2023(ए)।** निक्की हत्याकांड से दिल्ली ही नहीं बल्कि पूरा देश सहमा हुआ है। इस हत्याकांड ने श्रद्धा हत्याकांड के जख्मों को ताजा कर दिया। मामले में आरोपी साहिल गहलोत समेत 6 लोगों को गिरफ्तार किया जा चुका है।

इन आरोपियों में से एक साहिल का पिता भी है। अब जांच में सामने आया है कि उसका पिता वीरेंद्र सिंह इससे पहले भी एक हत्या के मामले में शामिल रह चुका है। सूत्रों ने दावा किया कि आपराधिक रिकॉर्ड की जांच और पूछताछ के दौरान यह पाया गया कि 1997 में एक भूमि विवाद में वीरेंद्र सिंह को एक व्यक्ति की पिटाई करने के आरोप में गिरफ्तार किया गया था। शख्स ने गंभीर चोटों के चलते दम तोड़ दिया था। सूत्रों ने कहा, वीरेंद्र को सत्र न्यायालय ने 2001 में दोषी ठहराया था, लेकिन बाद में उसने दिल्ली हाई कोर्ट में अपील की और उसे बरी कर दिया गया।

### साहिल की पुलिस रिमांड 2 दिन और बढ़ी

वहीं कोर्ट ने इस हत्याकांड मामले में साहिल गहलोत की पुलिस हिरासत 2 दिन और बढ़ा दी है, इसके साथ ही अन्य पांच अन्य आरोपियों को 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। निक्की यादव का शव 14 फरवरी को दिल्ली के बाहरी इलाके मित्रांव गांव में साहिल के ढाबे के फ्रिज में मिला था। उसने 10 फरवरी को उसकी हत्या कर दी थी और उसी दिन दूसरी शादी कर ली। पुलिस ने निक्की से छुटकारा पाने और दूसरी लड़की से शादी करने की साजिश रचने के आरोप में साहिल के पिता, उसके दो चचेरे भाई आशीष और नवीन और दो दोस्तों, अमर और लोकेश को भी गिरफ्तार किया है।

## संपादकीय

# उठी आवाजें महत्त्वपूर्ण हैं

वर्तमान भारत सरकार आलोचनाओं की चिंता नहीं करती। लेकिन अब उसकी प्रेस पर छापामारी जैसी कार्रवाइयां व्यापक प्रतिक्रिया उत्पन्न कर रही हैं, तो ऐसे विरोध से वह पूरी तरह अप्रभावित बनी रहेगी, यह मानने की कोई वजह नहीं है।

प्रेस फ्रीडम के बारे में जब अगली इंडेक्स रिपोर्ट आएगी, तब भारत सरकार उसे फिर चुनौती देगी, यह अनुमान लगाया जा सकता है। तब कहा जाएगा कि यह भारत की गलत समझ पर आधारित है। यह भी कहा जाएगा कि भारत एक लोकतंत्र है, जहां कानून का राज है। लेकिन किसी को यह छूट नहीं है कि वह भारतीय कानून का उल्लंघन करे। भले पश्चिमी सरकारें भारत में बनी स्थिति को नजरअंदाज किए रहे, लेकिन विश्व जनमत इस तर्क को पहले की तरह ही अस्वीकार करेगा, यह भी तय है। बीबीसी के दिल्ली और मुंबई स्थित दफ्तरों पर आयकर विभाग के कथित सर्वे की खबर ने वैश्विक मीडिया अधिकार और मानव अधिकार संगठनों को झकझोरा है। मसलन, इन प्रतिक्रियाओं पर गौर कीजिए। न्यूयॉर्क स्थित अंतरराष्ट्रीय संस्था कमेटी टू प्रोटेक्ट जर्नलिस्ट्स (सीपीजे) ने भारत सरकार से पत्रकारों को परेशान ना करने का आग्रह किया है। रिपोर्टर्स बिदाउट बॉर्डर्स (आरएसएफ) ने इस कार्यवाही को भारत सरकार की किसी भी आलोचना को चुप कराने का प्रयास बताते हुए छापे की निंदा की है।

एमनेस्टी इंटरनेशनल ने कहा है कि ये छापे अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता का घोर अपमान हैं। एमनेस्टी ने ध्यान दिलाया है कि पिछले साल टैक्स अधिकारियों ने कई एनजीओ के दफ्तरों पर छापा मारा था, जिनमें ऑक्सफैम इंडिया सहित कई गैर सरकारी संगठन शामिल थें। एमनेस्टी के भारत स्थित दफ्तर को बंद कराया जा चुका है। वैसे भारत में भी इस कार्रवाई की कम आलोचना नहीं हुआ है। एडिटर्स गिल्ड ऑफ इंडिया ने आयकर विभाग के सर्वे पर चिंता जताई है, तो प्रेस क्लब ऑफ इंडिया, मुंबई पत्रकार संघ आदि जैसे संगठनों ने भी इसके खिलाफ आवाज उठाई है। कांग्रेस सहित कई विपक्षी दलों ने भी इसे सीधे तौर पर आलोचना को दबाने की कार्रवाई बताया है। जाहिर है, वर्तमान भारत सरकार ऐसी टिप्पणियों की चिंता नहीं करती। अभी वह अपनी सत्ता को इतनी सुरक्षित मानती है कि जो लोग उसके समर्थक नहीं है, उनके बीच अपनी छवि की चिंता उसे नहीं होती। लेकिन अब जबकि ऐसी कार्रवाइयां व्यापक प्रतिक्रिया उत्पन्न कर रही हैं, तो ऐसे विरोध से वह पूरी तरह अप्रभावित रहेगी, यह मानने की कोई वजह नहीं है।

# कर्मचारी लगते टेंशन,नेताओं को कई पेंशन

देश के अर्थशास्त्री और राजनेता पुरानी पेंशन योजना को लेकर जो बयान दे रहे हैं, वह तर्कसंगत नहीं है। क्योंकि राज्य के विधायक और सांसद खुद कई-कई पेंशन ले रहे हैं। जबकि एक कर्मचारी जो साठ साल देश की सेवा करता है उसकी पेंशन बंद कर दी गयी है, क्यों ? नई और पुरानी पेंशन योजना का कर्मचारियों की पेंशन पर बड़ा अंतर है। इसे ऐसे समझें कि अगर अभी 80 हजार रुपये सैलरी पाने वाला कोई शिक्षक रिटायर होता है तो पुरानी पेंशन योजना के हिसाब से उसे करीब 30 से 40 हजार रुपये की पेंशन मिलेगी। वहीं अगर नई पेंशन योजना के हिसाब से देखें तो उस शिक्षक को बमुश्किल 800 से एक हजार रुपये की ही पेंशन मिलेगी। वहीं नई योजना में रिटायरमेंट के बाद निश्चित पेंशन की गारंटी नहीं होती। पुरानी स्कीम में रिटायर्ड कर्मचारी की मृत्यु होने पर उसके परिजनों को पेंशन की राशि मिलती है।

पुरानी पेंशन योजना पर विवाद बढ़ता जा रहा है। चुनाव आते ही पुरानी पेंशन योजना का मुद्दा बाहर आ जाता है। राजनीतिक पार्टियां इसके माध्यम से अपना वोट बैंक बढ़ाना चाहती हैं। हरियाणा में चुनावों का मौसम आते ही राजनीति गरमाने लगी है। राज्य के कर्मचारियों ने पुरानी पेंशन योजना की बहाली को लेकर सरकार पर दबाव बनाना शुरू कर दिया। हजारों कर्मचारियों ने पुरानी पेंशन योजना की बहाली को लेकर पंचकूला में जोरदार प्रदर्शन कर रहें है। और चेतावनी दी कि अगर ओपीएस को बहाल नहीं किया गया तो सरकार बदल दी जाएगी। देश के अर्थशास्त्री और राजनेता पुरानी पेंशन योजना को लेकर जो बयान दे रहे हैं, वह तर्कसंगत नहीं है. क्योंकि राज्य के विधायक और सांसद खुद कई-कई पेंशन ले रहे हैं। नियम ऐसे हैं कि अगर कोई नेता पूर्व सांसद या विधायक की पेंशन ले रहा है और फिर से मंत्री बन जाता है तो उसे मंत्री पद के वेतन के साथ ही पेंशन भी मिलती है। सांसदों और विधायकों को डबल पेंशन लेने का हक है। अगर कोई विधायक रहा हो और बाद में सांसद बन जाए तो उसे दोनों की पेंशन मिलती है। पेंशन के लिए कोई न्यूनतम समयसीमा तय नहीं है, यानी कितने भी समय के लिए नेताजी सांसद रहे हों पेंशन पाने के हकदार रहेंगे। मृत्यु होने पर परिवार को आधी पेंशन मिलती है। पूर्व सांसदों का सेकंड एसी रेल का सफर मुफ्त होता है।

क्या कर्मचारियों को अपनी वृद्धावस्था के दौरान सुरक्षित महसूस करने का अधिकार नहीं है। यदि कर्मचारी 30-35 साल की नौकरी करता है और उसे बुढ़ापे की उम्र में पेंशन भी नहीं मिलती है; तो गुड गवर्नेंस में भागीदारी कैसे कर सकते हैं? उचित रूप से देश के सेवानिवृत्ति कर्मचारियों का एक जायज प्रश्न है कि एक और वह दिन प्रतिदिन बढ़ती जा रही महंगाई और परिवार की बेरोज़गारी और ऊपर से परिवार के संरक्षक रूप में किसी बुजुर्ग से जीवनयापन का एकमात्र सहारा पेंशन छीन लेना यानी देश की सेवा में अपना जीवन खपाने वाले किसी कर्मचारी के साथ अन्याय नहीं तो और क्या है? क्या आज देश की आर्थिक स्थिति इस योग्य भी नहीं है कि वह विगत छह दशक से चल रही पेंशन योजना को और आगे नहीं रख सकती है। फिर वही सरकार सांसद और विधायकों की प्रत्येक सदस्यता पर मिलने वाले अलग-अलग पेंशन को समाप्त क्यों नहीं करते?

क्या यह प्रसाद नहीं है? यदि देश आर्थिक तंगहाली के दौर से गुजर रहा है तो देश को लगभग अरबों की लागत से बन रहे बड़े बड़े प्रोजेक्ट की क्या जरूरत है? देश के लिए लोगों को प्रधानमंत्री और राष्ट्रपति के लिए महंगे विमान खरीदने की बात आर्थिक तंगी के दौर में सही कैसे हो सकती है? सरदार पटेल की विराट प्रतिभा पर हजारों करोड खर्च करने का काम क्या उचित है? यह सब देश के लिए जरूरी है? क्या यह देश को चपत नहीं लग रही? क्या यह आर्थिक तबाही नहीं है? जब खुद सत्ताधारी अपना वोट बैंक साधने के लिए राशन बाटे, जब चाहे पैसे दे, वोट बैंक अभियान पर करोड़ों रुपये पानी में बहें तो क्या तब देश की आर्थिक स्थिति तंग नहीं होती? एक ऐसी सरकार जिसे सेवानिवृत कर्मचारियों की पेंशन और बुढ़ापा पेंशन भारी वित्तीय बोझ लगे तो वह गैर जरूरी योजना के लिए जाने वाले भारी भरकम खर्च की तरफ अपनी नजर क्यों नहीं डालते?

हरियाणा के कर्मचारी इसलिए भी पुरानी पेंशन योजना को बहाल करने की मांग कर रहे हैं, क्योंकि कांग्रेस शासित राज्यों जैसे छत्तीसगढ़, राजस्थान और हिमाचल प्रदेश में इस योजना को बहाल करने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। इधर केंद्र सरकार का कहना है कि इससे अर्थव्यवस्था हिल जाएगी। केंद्रीय वित्त आयोग के चेयरमैन एनके सिंह ने पुरानी पेंशन योजना को देश की अर्थव्यवस्था के लिए अन्यायपूर्ण बताया है। वहीं उन्होंने इस विषय में सभी राज्य सरकारों को कड़ी आपत्तियों के साथ चेतावनी पत्र भेजा है। ओल्ड पेंशन स्कीम को लेकर हाल ही में हुई बैठक में अधिकारियों ने भी नाराजगी जाहिर की है। नीति आयोग के उपाध्यक्ष सुमन बेरी ने भी कुछ राज्यों द्वारा पुरानी पेंशन योजना को दोबारा शुरू करने पर चिंता जताई थी। नई और पुरानी पेंशन योजना का कर्मचारियों की पेंशन पर बड़ा अंतर है। इसे ऐसे समझें कि अगर अभी 80 हजार रुपये सैलरी पाने वाला कोई शिक्षक रिटायर होता है तो पुरानी पेंशन योजना के हिसाब से उसे करीब 30 से 40 हजार रुपये की पेंशन मिलेगी। वहीं अगर नई पेंशन योजना के हिसाब से देखें तो उस शिक्षक को बमुश्किल 800 से एक हजार रुपये की ही पेंशन मिलेगी।

नई और पुरानी पेंशन योजना में कई बड़े अंतर हैं। इस स्कीम में रिटायरमेंट के समय कर्मचारी के वेतन की आधी राशि पेंशन के रूप में दी जाती है। जबकि नई पेंशन स्कीम में कर्मचारी की बेसिक सैलरी+डीए का 10 फीसद हिस्सा कटता है। पुरानी पेंशन स्कीम में पेंशन के लिए कर्मचारी के वेतन से कोई पैसा नहीं कटता है। वहीं नई पेंशन स्कीम में छह महीने बाद मिलने वाले डीए का प्रावधान नहीं है। पुरानी पेंशन स्कीम में भुगतान सरकार की ट्रेजरी के माध्यम से होता है। वहीं नई योजना में रिटायरमेंट के बाद निश्चित पेंशन की गारंटी नहीं होती। पुरानी स्कीम में रिटायर्ड कर्मचारी की मृत्यु होने पर उसके परिजनों को पेंशन की राशि मिलती है। नई योजना में एनपीएस शेयर बाजार पर आधारित है, इसलिए यहां टैक्स का भी प्रावधान है। मध्य प्रदेश हाई कोर्ट में पांच साल कार्यकाल के बाद ही पेंशन देने के लिए रूल की मांग उठी तो राज्य सरकार ने जवाब दिया कि विधायकों को उनकी सेवाओं के बदले में पेंशन दी जाती है। कर्मचारी भी कह सकते हैं कि वे जीवन भर नौकरी करते हैं, वे भी जनता की सेवा ही करते हैं तो उन्हें उनकी सेवाओं के बदले पेंशन क्यों नहीं?



**प्रियंका सौरभ**
आर्यनगर, हिसार
हरियाणा

# मुद्दा : बरकरार रहे खाकी की धमक

### देशभर से पुलिसवालों पर हमला करने की घटनाएं देखने-सुनने को मिलती रहती है

खाकी के रूतबे को कमजोर करने की ऐसी वारदात कमोबेश सभी राज्यों का मसला है, मगर बिहार में हाल के वर्षो में खाकी के प्रति हिंसक हो जाने की प्रवृत्ति ज्यादा तेज हो चली है। विशेष कर शराबबंदी और अवैध खनन के विरुद्ध कार्रवाई करने गई पुलिस बदमाशों के सीधे निशाने पर है। दरअसल, बदमाशों में खत्म होती खाकी की धमक का सीधा असर पुलिस की साख पर देखने को मिल रहा है।

नेशनल क्राइम रिपोर्ट ब्यूरो (एनसीआरबी) के अनुसार 2021 में पूरे देश में पुलिस और सरकारी अधिकारियों पर भीड़ या असमाजिक तत्वों के हमले के 334 मामले दर्ज हुए, जिनमें सर्वाधिक 97 कांड बिहार में, 46 मध्य प्रदेश और 31 कांड तेलंगाना में दर्ज हुए। इसी तरह 2020 के कुल मामलों में बिहार में 77 दर्ज हुए थे। आखिर पुलिस पर हमला हाल के दिनों में क्यों बढ़ा है? डेढ़ दशक पहले तक पुलिस की तो छोड़िए गांव के चौकीदार को देख कर अपराधी भाग खड़े होते थे, लेकिन आज के हालात बिल्कुल बदल गए हैं। बदमाश सरेआम थाने पर हमला कर अपने साथियों को छुड़ा ले जाते हैं। इस बदलाव का प्रमुख कारण राजनीति में अपराधियों की तेजी से बढ़ी घुसपैठ है। यह घटनाएं तो बदमाशों में खाकी के खत्म होते खौफ की बानगी भर हैं। उत्तर प्रदेश की बात करें तो सरकार ने खुद विधानसभा में (वर्ष 2016) एक सवाल के जवाब में स्वीकार किया था कि पुलिस पर हमले की घटनाएं बढ़ी हैं। बिहार की बात करें तो हाल में अररिया जिले के फारबिसगंज, पटना में राजीव नगर, बक्सर के चौसा सहित समस्तीपुर, छपरा, हाजीपुर, बांका एवं कटिहार जिलों जिलों में पुलिस पर हमले हुए हैं। कहीं-कहीं पुलिस के हथियार छीनने के प्रयास किए गए। सवाल है कि देश की आंतरिक सुरक्षा सहित विधि-व्यवस्था एवं विशेष परिस्थितियों की जिम्मेदारी संभाल रही पुलिस के साथ ऐसा क्यों हो रहा है? बिहार में पुलिस पर ज्यादातर हमले अवैध शराब एवं बालू खनन के विरुद्ध छापेमारी सहित अपराधियों की गिरफ्तारी के दरमियान घट रही हैं। कभी अनायास दुर्घटना विशेष पर भी स्थिति भयावह हो जाती है। इन घटनाओं के नेपथ्य में जाना होगा। बिहार में शराब प्रतिबंधित है। कुछ लोग देसी शराब निर्माण एवं बिक्री के धंधे में पीढ़ियों से परंपरागत रूप से जुड़े हुए हैं। कुछ लोग शराबबंदी के बाद कम समय और कम पूंजी में अधिक मुनाफा की होड़ में इस धंधे को आत्मसात कर लिये हैं। हाल के दशकों में बालू व्यवसाय में तुरंत अमीर बनने के लालच में बड़ा समूह लग गया है। धनवान बनने की राह में जब पुलिस रोड़ा बनती है तो ये लोग उनसे भी खौफ नहीं खाते हैं। अमूमन घटनाओं में पुलिस पर हमला की शुरु आत प्रतिरोध से होता है, जिसे पुलिस अपने कुशल रणनीति से निबट भी सकती है। पुलिस की प्रकृति हाल के वर्षो में बदली है। पहले पुलिस फोर्स थी, लेकिन आज पुलिस सेवा के रूप में देखी जा रही है। मामला अपराध का हो या विषम परिस्थिति में सहयोग का, आम से लेकर खास तक की निगाहें उसपर टिक जाती हैं, मगर अफसोस की बात है कि आमजन की सुरक्षा का दायित्व निभाने वाली खाकी खुद भी सुरक्षित नहीं है। कभी-कभी त्वरित घटना के आकलन का पुलिस के पास वक्त भी नहीं होता। वैसे पुलिस से वर्तमान दौर में अनावश्यक बल प्रयोग की अपेक्षा उचित नहीं है। हां, इस मामले में लीडरशिप भी एक प्रमुख कारक है। घटनाओं के विश्लेषण में राजनीतिक और प्रशासनिक लीडरशीप काफी मायने रखती है। दूसरी तरफ पुलिस को बदलते दौर में अपनी रणनीति पर भी विचार करना होगा।

**डॉ. भीम सिंह भवेश**

# हमें सुंदर घर बनाना तो आता है,पर उस घर में सुंदर जीवन जीना नहीं आता

बीसवीं सदी के महान दार्शनिक जे कृष्णमूर्ति आज भुला दिया गया नाम है। 15 मई, 1895 को मद्रास और बेंगलुरु के बीच स्थित मदनापल्ली गांव में पैदा हुए कृष्णमूर्ति के दादा संस्कृत के विद्वान थे। माता कृष्णभक्त, धर्म-परायण और मृदु स्वभाव की थीं। साढ़े दस साल की उम्र में उनकी मां की मृत्यु हो गई थी। कृष्णमूर्ति हमेशा मलेरिया से पीड़ित रहते थे। लंबा जीवन जी सकें ऐसी आशा नहीं थी। वह रोजाना स्कूल नहीं जा सकते थे। पढ़ने में कमजोर थे। उनकी गिनती मंदबुद्धि बच्चों में होती थी। शिक्षक उनकी पिटाई करते थे।

बचपन से ही वह अंतर्मुखी थे। प्रकृति का बारीकी से निरीक्षण करते। खूब दयालु थे। स्कूल में गरीब बच्चों को अपनी पेन, पेंसिल, स्लेट और किताबें दे देते थे। घर आए भिखारियों को टोकरी भर कर चावल दे देते। घर की आर्थिक स्थिथि कमजोर थी। थिरोसॉफिस्ट पादरी लेड बीटर ने बाल कृष्णमूर्ति को देखा तो उसमें उन्हें असाधारण शक्तियां नजर आईं। उन्हें कृष्णमूर्ति जीसस क्राइस्ट और भगवान बुद्ध की कोटि का लगा। थियोसोफिल सोसाइटी के उस समय के प्रमुख एनी बेसंट ने कृष्णमूर्ति को दत्तक ले कर उन्हें अंग्रेजी और अन्य विषय पढ़ाए। उन्हें शारीरिक रूप से सक्षम बनाया। उन्हें दीक्षा के लिए तालीम दी और पढ़ने के लिए इंग्लैंड भेजा। मैट्रिक में तीन बार फेल होने के बाद कृष्णमूर्ति ने पढ़ाई छोड़ दी।

15 साल की उम्र में कृष्णमूर्ति ने विश्वविख्यात पुस्तिका श्री गुरुचरण लिखी। एनी बेसंट ने उन्हें जगदगुरु बनाने के लिए 1911 में पूर्व के तारक संघ की स्थापना की। दुनिया भर के लोगों को उसका सदस्य बनाया। परंतु अगस्त, 1922 में उन्हें अनेक आध्यात्मिक अनुभव हुए।

दुनिया भर में फैली थियोसोफी की संस्थाओं में एक आर्डर आफ द स्टार इन द ईस्ट का अध्यक्ष पद जे कृष्णमूर्ति को दिया गया था। परंतु जीवन की अंतर्ज्योति का दर्शन कर चुके जे कृष्णमर्ति ने उस पद का त्याग कर उन्होंने ऐसी शिक्षण संस्थाओं का निर्माण किया कि जहां विद्यार्थियों को संयम और सर्वांगी शिक्षा का पाठ पढ़ाया जाए। उनके प्यारे भाई नित्यानंद की 1925 में मृत्यु हो गई। अगस्त, 1929 में कृष्णमूर्ति ने जगदगुरु होने से मना कर दिया। उन्होंने तारक संघ का विसर्जन कर दिया। संस्था को मिले दान को लौटा दिया। किसी भी संस्था, संघ, गुरु विचारधारा, मंत्रजाप, विधि और संप्रदाय को सत्य का दुश्मन माना।

अब वह अमेरिका के कैलिफोर्निया स्टेट के ओहायो नामक नगर में स्थाई हो गए। दुनिया भर की यात्रा करते रहे। हर किसी को संस्था, मंडल या अनुयायियों के बिना अकेला जीवन रहने और मुक्त जीवन जीने का संदेश देते रहे।

कहा जाता है कि उनमें चमत्कारिक अलौकिक शक्तियां थीं। उनके हाथ के स्पर्श से ही बीमारियां दूर हो जाती थीं। पर वह अपनी इस शक्ति का भाग्य से ही उपयोग करते थे। वह स्पष्ट कहते थे कि चमत्कार और अध्यात्म का कोई संबंध नहीं है।

हालीवुड की एक फिल्म कंपनी ने उन्हें एक फिल्म में बुद्ध का अभिनय करने के लिए उस समय पांच हजार डालर का ऑफर किया था। जिसके लिए उन्होंने मना कर दिया था।

कृष्णमूर्ति खुद को किसी का गुरु नहीं मानते थे। खुद को वह मात्र मार्गदर्शक मानते थे। वह कहते थे, आप को खुद अपना दीप बनना है। आप खुद अपने मित्र और शत्रु हैं। वह कहते थे कि जीवन की समस्याओं का मूल मन के अंदर जमा हुआ भूतकाल का स्तर ही है। पलपल की सदैव जागृति द्वारा ही मानव सुख-शांति से जी सकता है।

कृष्णमूर्ति के उस समय के मित्रों में तमाम सुप्रसिद्ध महारानियों से ले कर बौद्ध साधु भी थे। बर्नार्ड शॉ, जवाहरलाल नेहरू, इंदिरा गांधी और दलाई लामा भी थे। बर्नार्ड शॉ ने कहा था, कृष्णमूर्ति जैसा सुंदर आदमी मैं ने देखा नहीं है।

खलिल जिब्रान ने कहा था, कृष्णमूर्ति ने मेरे कमरे में प्रवेश किया तो मैं ने मन भी मन अनुभव किया कि साक्षात प्रेम के अवतार पधारे हैं।

आल्डस हकसली ने कहा था, कृष्णमूर्ति को सुनते हुए मुझ लग रहा था, मैं बुद्ध को सुन रहा हूं।

जे कृष्णमूर्ति के ऐसे तमाम विधान हैं, जो याद करने लायक हैं। वह कहते थे, 25 लाख वर्ष पूर्व हम जंगली थे। आज भी सत्ता, प्रतिष्ठा की चाहत, दूसरे की हत्या, ईर्ष्या आदि स्वरूप में हम जंगली ही हैं। मेरे लिए यह बहुत बड़ी खोज है। मैं नहीं मानता कि मानव जाति में आमूल परिवर्तन हो।

वह कहते थे, लाखों वर्षो से हम जैसे थे, वैसे ही हैं। लोभी, ईर्ष्यालु, आक्रामक, अनदेखा, चिंतातुर और हताश... हम धिक्कार, भय और नम्रता का विचित्र मिश्रण हैं। हम हिंसा और शांति दोनों हैं। हम ने बैलगाड़ी से ले कर विमान तक की प्रगति की है, परंतु मानसिक रूप से जरा भी नहीं बदले। हमें सुंदर घर तो बनाना आता है, परंतु उस घर में सुंदर जीवन जीना नहीं आता। दुनिया के लोग भले शांति, प्रेम, अहिंसा, दया, भाईचारा की बातें करते हों, पर इस जगत में सब उल्टा ही चल रहा है। बेबिलोन में खुदाई के दौरान वर्षों पूर्व का पत्थर का एक अवशेष मिला था। जिस पर लिखा था, %यह अंतिम युद्ध होगा, परंतु उसके बाद पांच हजार युद्ध हुए और अभी भी चल रहे हैं। हर नए युद्ध में पहले के युद्ध की अपेक्षा अधिक से अधिक संपत्ति और मनुष्यों को क्रूरतापूर्ण खत्म किया जा रहा है। उनके कहने का तात्पर्य यह था कि यह जगत जंगल जैसा है, उजड्ड रण जैसा भी है, अंधकारमय भी है।

वह कहते थे, मात्र पुस्तक की पढ़ाई भरोसेमंद नहीं होती। भरोसा अंतर्मन से आना चाहिए। आप अपना महत्व नहीं बढ़ाएंगे, धन और कीर्ति का ढ़ेर नहीं जमा करेंगे, जीवन को स्वर्ण बनाने के बजाय कबाड़ की तरह जीवन को कभी नहीं बनाएंगे। आप को जीवन की समग्रतया समझनी होगी। उसके एक छोटे हिस्से के लिए नहीं। इसके लिए आप को पढ़ना चाहिए, आप को आकाश में देखना चाहिए, आप को गाना चाहिए, आप को नृत्य करना चाहिए, कविताएं लिखनी चाहिए और दुख भी सहन करना चाहिए, जिससे जीवन को समझा जा सके।

वह कहते थे, बड़ी से बड़ी कला यानी जीवन जीने की कला। जीवन यानी संघर्ष, अशांति और दुख- ऐसी वाहियात मान्यताएं जीवनघर को बुझा नहीं सकतीं। जीवन कितना सुंदर, अद्भुत और जीने लायक है, इसका हमें भान नहीं है। पूर्वजन्म में प्रभु ने पाप की इस जीवन में शिक्षा दी ऐसी मान्यता जलते जीवनघर को बुझने नहीं देती। जीवन जीने की कला क्या है, यह जानने का हमारे पास समय ही नहीं है। वैज्ञानिक बनने के लिए हम वर्षों वर्ष खपा देते हैं, आश्रमों में जा कर बाकी का जीवन उसमें समर्पित कर देते हैं और जीवन निर्वाह के लिए कमाई करने में पूरा जीवन खर्च कर डालते हैं, परंतु जीवन जीने की कला क्या है, यह जानने के लिए हम जीवन का एक दिन भी नहीं खर्च करते। इसलिए जीवन जीने की कला अवश्य सीखनी चाहिए।

ऐसे क्रांतिकारी दार्शनिक जे कृष्णमूर्ति का 17 फरवरी, 1986 को अमेरिका के कैलिफोर्निया स्टेट के ओहायो नगर में देहावसान हो गया था। उनके अग्निदाह के समय पहले से व्यक्त की गई उनकी इच्छा के अनुसार मात्र सात व्यक्ति ही ऊपस्थित थे। सेंट जेवियर्स कालेज के अर्थशास्त्र विभाग के पूर्व प्राध्यापक बबाभाई पटेल ने जे कृष्णमूर्ति के बारे में अनेक पुस्तकें लिखी हैं। यहां दी गई जानकारी उनके और गुर्जर ग्रंथ रत्न कार्यालय के सौजन्य से दी गई है।



**वीरेंद्र बहादुर सिंह**
नोएडा
उत्तरप्रदेश

# नहर व पेंशन को चुनावी मुद्दा बना रहे हैं गहलोत

राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत को राजनीति का जादूगर कहा जाता है। राजनीति में उन्होंने अपनी जादूगरी दिखाने में कोई कसर भी नहीं छोड़ी है। कैसी भी स्थिति रही हो गहलोत अपनी राजनीतिक जादूगरी की कुशलता के बल पर सफल रहे हैं। इसी कारण वह राजस्थान के तीसरी बार मुख्यमंत्री की पारी पूरी करने जा रहे हैं। गत दिनो उन्होने अपने कार्यकाल का अंतिम बजट पेश किया जिसमें अनेकों लोक लुभावनी घोषणायें की गई है। जिनसे आने वाले चुनाव में लाभ मिल सकता है।

इसी साल के अंत तक राजस्थान में विधानसभा के चुनाव होने हैं। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत चाहते हैं कि वह चौथी बार मुख्यमंत्री बन कर राजस्थान में नया रिकॉर्ड बनायें। गहलोत का इस बार पूरा प्रयास है कि 1990 से प्रदेश में हर बार सरकार बदलने की चल रही परिपाटी को भी बदला जाए। इसके लिए गहलोत ने अभी से युद्ध स्तर पर अपनी तैयारियां प्रारंभ कर दी है।

बजट में प्रदेश के आमजन के लिए कई लोक-लुभावनी घोषणायें करने के साथ ही गहलोत राजनीतिक स्तर पर भी अगला विधानसभा चुनाव जीतने की व्यूह रचना में लगे हुए हैं। मुख्यमंत्री गहलोत राजस्थान के सभी सरकारी कर्मचारियों को पुरानी पेंशन योजना लागू करने की घोषणा कर जहां भाजपा को धर्म संकट में डाल दिया है। वहीं पूर्वी राजस्थान नहर परियोजना के मुद्दे पर भी भाजपा को घेरने में कोई कसर नहीं छोड़ रहे हैं। पूर्वी राजस्थान के 13 जिलों में पेयजल व सिंचाई के लिए पूर्वी नहर परियोजना एक वरदान साबित हो सकती है। इन 13 जिलों के करीबन साढ़े तीन करोड़ से अधिक लोगों को जहां पीने को मीठा पानी उपलब्ध हो सकेगा। वहीं डेढ़ से दो लाख हेक्टेयर भूमि की सिंचाई भी होगी। जिससे लोगों की आर्थिक स्थिति सुदृढ़ होगी।

पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे की सरकार ने 2017-18 के बजट में पूर्वी राजस्थान नहर परियोजना की घोषणा की थी। इस परियोजना में राजस्थान के जयपुर, दौसा, अलवर, भरतपुर, धौलपुर, करौली, सवाई माधोपुर, अजमेर, टोंक, बूंदी, कोटा, बारां और झालावाड़ सहित कुल 13 जिले शामिल है। इस परियोजना के पूरा होने पर 13 जिलों में पेयजल और सिंचाई की सुविधा मिलने लगेगी।

मुख्यमंत्री गहलोत को यह बात अच्छे से पता है कि इन 13 जिलों में बढ़त मिलने पर कांग्रेस को दूसरी बार सरकार बनाने से कोई भी नहीं रोक सकता है। इन 13 जिलों में विधानसभा की 83 सीट आती है। जिनमें से अभी कांग्रेस के पास 49 और भाजपा के पास 25 सीट हैं। ऐसे में आगामी विधानसभा चुनाव तक कांग्रेस हर हाल में इस मुद्दे को बनाए रखना चाहती है। जिससे मतदाताओं को अपने पक्ष में कर सकें। इसीलिए गहलोत इस नहर परियोजना को लेकर अग्रेसिव होकर राजनीति कर रहे हैं। उन्हें जहां भी मौका मिलता है भाजपा व प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर इस नहर के मुद्दे को लेकर हमला करने से नहीं चूकते हैं। पूर्वी राजस्थान के 13 जिलों के मतदाताओं को लुभाने के लिए ही गहलोत ने इस बार बजट में नहर



के लिये 13 हजार करोड़ रुपए की राशि का प्रावधान किया है। गहलोत ने कहा है कि यदि केंद्र सरकार इस नहर परियोजना के लिये सहायता नहीं देती है तो भी वह राज्य सरकार के संसाधनों से इसे पूरा करेंगे।

हाल ही में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की दौसा यात्रा के दौरान भी मुख्यमंत्री गहलोत ने वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिए जनसभा को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री से इस नहर परियोजना को राष्ट्रीय परियोजना का दर्जा देने की मांग की थी। गहलोत को पता है कि बार-बार इस परियोजना के लिए केंद्र सरकार को कटघरे में खड़ा करके अगले विधानसभा चुनाव में वह भाजपा को घेर सकते हैं। केंद्र सरकार में जल शक्ति विभाग के मंत्री भी राजस्थान के जोधपुर से सांसद गजेंद्र सिंह शेखावत ही है। ऐसे में मुख्यमंत्री अशोक गहलोत उनसे भी बार-बार इस परियोजना के लिए केंद्रीय सहायता दिलाने की मांग करते आ रहे हैं। हालांकि मध्यप्रदेश व राजस्थान में आपसी सहमति होने पर ही केंद्र सरकार इसे राष्ट्रीय परियोजना घोषित कर सकती है। मगर अशोक गहलोत अच्छे से जानते हैं कि अगले विधानसभा चुनाव को देखते हुए केंद्र सरकार पर दबाव बनाने का यह सबसे सुनहरा मौका है। जिसे वह किसी भी कीमत पर गंवाना नहीं चाहते हैं।

सरकारी कर्मचारियों को पुरानी पेंशन योजना लागू करने के भाजपा पूरी तरह खिलाफ है। प्रधानमंत्री बार-बार पुरानी पेंशन योजना को फिर से बहाल करने पर अपनी असहमति जता चुके हैं। इसी के चलते भाजपा के प्रदेश स्तरीय नेता भी पुरानी पेंशन योजना की मुखालफत कर रहे हैं। मगर हिमाचल प्रदेश के पिछले दिनों हुए विधानसभा चुनाव में भाजपा की करारी हार से पार्टी के अंदर खाने इस मुद्दे को लेकर चिंता भी जाहिर की जा रही है। हिमाचल प्रदेश में अपने चुनावी घोषणा पत्र में कांग्रेस ने सरकारी कर्मचारियों को पुरानी पेंशन योजना देने का वादा किया था। हिमाचल में कांग्रेस को बहुत बड़ी जीत मिली। जिससे कांग्रेस पार्टी के नेता बहुत उत्साहित हैं। हालांकि हिमाचल प्रदेश में कांग्रेस की जीत के अन्य कारण भी हो सकते हैं। मगर पुरानी पेंशन योजना बहाली का वादा भी एक बड़ा कारण रहा है। इसीलिए कांग्रेस पार्टी हर जगह पुरानी पेंशन योजना लागू करने की मांग कर रही है। अपने बजट भाषण में भी मुख्यमंत्री गहलोत ने भाजपा के विधायकों से कहा था कि वह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को समझाएं कि वह कर्मचारियों के हित में पुरानी पेंशन योजना फिर से लागू करें। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत का अनुसरण करते हुए छत्तीसगढ़ एवं झारखंड की सरकारों ने भी अपने सरकारी कर्मचारियों को पुरानी पेंशन योजना देने की घोषणा कर दी है।

मुख्यमंत्री अशोक गहलोत की पुरानी पेंशन योजना की घोषणा के बाद भाजपा विरोधी बहुत से दलों ने भी इस मांग का समर्थन करते हुए इसे पूरे देश में लागू करने की मांग की है। केंद्र सरकार के कर्मचारी संगठन भी लंबे समय से पुरानी पेंशन योजना को बहाल करने की मांग कर रहे हैं। इसके चलते देश के सभी सरकारी कर्मचारियों का मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के प्रति सहानुभूति होना लाजमी है। गहलोत को इस बात की जानकारी है कि उनके द्वारा शुरू किया गया पुरानी पेंशन योजना का मुद्दा आज राष्ट्रव्यापी मुद्दा बन चुका है। ऐसे में वह इससे भुनाने में कोई कसर नहीं छोड़ना चाहते हैं।

अगले विधानसभा चुनाव की पूरी कमान गहलोत के हाथों में ही रहनी है। इसीलिए उन्होंने अपनी सरकार की छवि चमकाने के लिए कई निजी प्रचार एजेंसियों से अनुबंध किया है। यह एजेंसियां अगले विधानसभा चुनाव तक गहलोत सरकार की उपलब्धियां आमजन तक पहुंचाने का काम करेंगी। मुख्यमंत्री गहलोत को पता है कि 25 सितंबर को जयपुर में जो घटनाक्रम हुआ था उससे पार्टी आलाकमान उनसे नाराज है। इसके साथ ही उन्होंने पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष का पद भी ठुकरा दिया था। उसके बाद वह आलाकमान की गुडबुक में नहीं रहे हैं। पार्टी आलाकमान को जब भी मौका मिलेगा उनको झटका दिया जा सकता है। ऐसे में वह पार्टी आलाकमान का फिर से विश्वास हासिल करने के लिए राजस्थान में कांग्रेस की सरकार को रिपीट करवाना चाहते हैं। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के लिए अगला विधानसभा चुनाव किसी युद्ध से कम नहीं है। यदि वह चुनाव जीतते हैं तो पार्टी में सबसे बड़े नेता के रूप में उभरेगें और यदि चुनाव हार जाते हैं तो यह उनकी राजनीति की आखिरी पारी होगी।



**रमेश सर्राफ धमोरा**
झुंझुनू, राजस्थान

## डॉक्टर व मरीज

डॉक्टर व मरीज का अजीब नाता हैं ।
अजनबी होते हैंफिर भी विश्वास होता हैं।
न जाने कौन सी डोर दोनों को बांधती है।
भक्त भगवान सा नेह मध्य में रखती है।
एक आशा से मरीज
डॉक्टर के पास जाता है ।
जैसे भक्त भगवान के करीब जाता है।
हर लेंगे मेरी सारी शरीरिक पीड़ा को
जैसे भगवान हरते मानव के कष्टों को।
कोई रिश्ता नही होता फिर भी
अपनापन होता हैं ।
डॉक्टर....



**गरिमा राकेश गार्विता**
कोटा,राजस्थान

## जहर घुल रहा है

जहर घुल रहा है,धरा, हवा, पानी में।
सकल जड़ चेतन हैं,आज परेशानी में।
कहीं पर देख लो,बादल फट रहा है।
कहीं पर्वत खण्ड,जगह से हट रहा है।
प्राण वायु का भी,
लोग अभाव झेले हैं।
सूक्ष्म जीवाणुओं का,
भयंकर प्रभाव झेले हैं।
जलवायु में भी अब,
न आप मर्यादा पाएंगे।
कभी तरसायेंगे तो,
तो कहीं ज्यादा पाएंगे।
सैलाब,आये दिन
शहरों में घुसर जाता है,
लोगों के जीवन में,
क़यामत गुजर जाता है।
तमाम प्रदूषण का तो ,
इतना प्रकोप होने लगा है
कि अनेक प्रजातियों का,
अब लोप होने लगा है।
पीने के लायक भी
नहीं रहा पानी अब तो।
बिना दवाई के,नहीं होती
किसानी अब तो।
छोटी सी उम्र में ही,
बड़ी बीमारी होती है।
शौक से खाने को भी,
लोगों को लाचारी होती है।
पूरी जिंदगी ही,अब
गुजर जाती है दवा पानी में।
जहर घुल रही है
अब धरा,हवा ,पानी में।



**जीवन चन्द्राकरलाल**
मुण्डरा,बालोद
छत्तीसगढ़

## एहसास

तुम्हें पाकर मैं मचलने लगी थी
तेरे ख्वाब में फिर सजने लगी थी
तुमने जो तोडा दिल मेरा गुमान था
तुझ पे यकीं कर फिर जीने लगी थी
कहा था मैने तुमसे न तोडना यकीन मेरा
मैने मिन्नते कई बार की थी न तुमसे
तुमने जो तोडा दिल मेरा गुनाह था
क्योंकि तुम पर यकीन कर
फिर जीने लगी थी
तुमने तो वही किया जो तुमको भाया
तुम न समझे मेरी चाहतों को
लौट आई सदायें मेरी
तेरे दर से खाली हाथ।



**लता नायर**
सरगुजा
छत्तीसगढ़

## हे परवरदिगार मेरे मालिक

मैंने कहा गुनहगार हूं मैं
उसने कहा बक्ष दूंगा
मैंने कहा परेशान हूं मैं
उसने कहा संभाल लूंगा
मैंने कहा अकेला हूं मैं
उसने कहा साथ हूं मैं
मैंने कहा उदास हूं मैं
उसने कहा हर वक्त तेरे पास हूं
मैंने कहा हरदम सुखी रहूं मैं
उसने कहा अच्छे कर्म कर साथ हूं मैं
मैंने कहा धन दौलत का धनी बनूं मैं
उसने कहा मेहनत कर विकार छोड़
तेरे साथ हूं मैं
मैंनें कहा निरोगी काया
मन मस्त रहूं मैं
उसने कहा भ्रष्टाचार कालीकमाई
छोड़ साथ हूं मैं
मैंने कहा तेरे चरणों की
सेवा करता रहूं मैं
उसनेकहा मातापिताआचार्य
देवोभवफिर तेरे साथ हूं मैं
मैंने कहा सबकुछ तेरा
कुछ ना मेरा मेरे माधव जी
उसने कहा नेक काम में
लगा तेरे साथ हूं मैं
मैंने कहा तेरे दर्शन दीदार कर तेरे
चरणों में रहूं मैं
उसने कहा मन में झांक
उसमे बैठा हूं मैं



**किशन सनमुखदास भावनानी**
गोंदिया महाराष्ट्र

**समाचार पत्र में छपे समाचार एवं लेखों पर सम्पादक की सहमति आवश्यक नहीं है। हमारा ध्येय तथ्यों के आधार पर सटिक खबरें प्रकाशित करना है न कि किसी की भावनाओं को ठेस पहुंचाना। सभी विवादों का निपटारा अम्बिकापुर न्यायालय के अधीन होगा।**

# पॉक्सो एक्ट एवं महिला संबंधित लैंगिक अपराधों के संबंध में आईजी ने पुलिस अधिकारियों की ली बैठक

- संवाददाता -
अंबिकापुर,21 फरवरी 2023 (घटती-घटना)।

आईजी राम गोपाल गर्ग द्वारा रेंज के सभी पुलिस अधीक्षक, राजपत्रित अधिकारी, थाना-चौकी प्रभारियों सहित समस्त विवेचकों की पॉक्सो एक्ट एवं महिला संबंधी लैंगिक अपराधों के संबंध में वर्चुअल मीटिंग ली। मीटिंग के दौरान आईजी ने लैंगिक अपराधों से बालकों के संरक्षण अधिनियम 2012 की धारा 23, किशोर न्याय अधिनियम 2015 की धारा 74, भारतीय दण्ड संहिता की धारा 228 तथा माननीय सर्वोच्च न्यायलय द्वारा निपुण सक्सेना विरुद्ध संघ शासन में दिए गए निर्देशों के संबंध में बताया गया। मधुलिका सिंह, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक, सूरजपुर द्वारा विस्तृत



जानकारी हेतु प्रेजेंटेशन दी गई। मीटिंग में निर्देशित किया गया कि कोई भी पुलिस अधिकारी, कर्मचारी उक्त प्रकरणों में पीड़ित, पीड़िता महिला, बालक-बालिका की पहचान प्रिंट, इलेक्ट्रॉनिक एवं सोशल मीडिया में प्रकाशित नहीं करेगें। पीड़ित, पीड़िता की पहचान संबंधी प्राधिकृत सक्षम न्यायालय के निर्देशों का पालन करेंगे। यह भी निर्देशित किया गया कि महिला एवं बच्चों को संरक्षण एवं सुरक्षा प्रदान करने के उद्देश्य से उच्च न्यायालय एवं सर्वोच्च न्यायालय द्वारा दिये गए निर्णय का अक्षरशः पालन किया जाए। आईजी ने वर्चुअल मीटिंग के दौरान कहा कि छत्तीसगढ़ शासन के निर्देशानुसार महिलाओं की सुरक्षा हेतु पुलिस द्वारा अभिव्यक्ति ऐप, हमर बेटी हम मान, वन स्टॉप सेंटर व प्रत्येक थानों में महिला हेल्प डेस्क जैसे चलाए जा रहे विभिन्न कार्यक्रमों के तहत महिला एवं बच्चों को संरक्षित एवं सुरक्षित रखने का निरंतर प्रयास किया जा रहा है।

# केन्द्र सरकार के इशारे पर ईडी छत्तीसगढ़ के कांग्रेस नेताओ को कर रही परेशान

- संवाददाता -
अंबिकापुर,21 फरवरी 2023 (घटती-घटना)।

भाजपा के इशारे पर कांग्रेस नेताओं पर हुए ईडी की कार्रवाई के विरोध में युवा कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष आकाश शर्मा के निर्देशानुसार आज युवा कांग्रेस सरगुज़ा द्वारा प्रधानमंत्री का पुतला दहन किया गया। युवा कांग्रेस सरगुज़ा के जिलाध्यक्ष विकल झा के नेतृत्व में युवा कांग्रेस के कार्यकर्ताओ ने



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व ईडी का पुतला जलाया और नारेबाजी कर प्रदर्शन किया। युवा कांग्रेस जिलाध्यक्ष विकल झा ने बताया कि भारत जोड़ो यात्रा तथा छत्तीसगढ़ में होने वाले राष्ट्रीय अधिवेशन से भाजपा घबरायी हुई है केंद्र सरकार के इशारे पर ईडी, छत्तीसगढ़ के कांग्रेस नेताओ को परेशान कर रही है। पूरे प्रदेश में युवा कांग्रेस इसका विरोध कर रही है। युवा कांग्रेस के कार्यकर्ता रैली निकाल कर प्रधानमंत्री के पुतले के साथ घड़ी चौक पहुचे थे। पुतला जलाने को लेकर युवक कांग्रेसियो की पुलिस से हल्की झड़प भी हुई। इस कार्यक्रम में ज़िला कांग्रेस महामंत्री अखूतर सैय्यद, ज़िला प्रवक्ता आशीष वर्मा,पप्पन सिन्हा, मदन जायसवाल, नीतीश चौरसिया, रजनीश सिंह, सुनील मिश्रा, काजू,मग्गू सिंह,उत्तम रजवाड़े, जाकेश रजवाड़े विकास केशरी, प्रीतिका विश्वकर्मा, हिमांशु अग्रवाल, पवन सिंह, आकाश अग्रहरी, निशांत सिन्हा, आकाश यादव, अभिषेक सोनी, सोमा मुखर्जी, संजर नवाज़, सोनम गुप्ता, काजल गुप्ता, साक्षी गुप्ता, पवन सोनी, ओमकार दूबे आदि उपस्थित थे।

## फुटबॉल प्रतियोगिता में प्रथम स्थान आने पर पुलिस खिलाड़ियों को आईजी ने किया सम्मानित

- संवाददाता -
अंबिकापुर,21 फरवरी 2023 (घटती-घटना)।

पुलिस प्रशिक्षण विद्यालय माना रायपुर में आयोजित छत्तीसगढ़ पुलिस का राज्य स्तरीय प्रतियोगिताओं में सरगुजा संभाग के पुलिस खिलाड़ियों द्वारा फुटबॉल



मैच में प्रथम स्थान प्राप्त करने पर आईजी राम गोपाल गर्ग ने सम्मानित किया है। इस दौरान आईजी ने कहा कि खेलकूद ना सिर्फ हमें स्फूर्तिवान बनाता है बल्कि काम के तनाव से मुक्ति भी दिलाता है। अपने लक्ष्य को हासिल करने के लिए स्वस्थ प्रतिस्पर्धा की भावना को जगाता है। उन्होंने कहा कि ऐसे खेलों के आयोजनों से पुलिस के जवान अपने कर्तव्यों का सफलतापूर्वक निर्वहन करने के साथ-साथ जवानों में अनुशासन, शारीरिक दक्षता एवं आपसी भाई चारे की भावना जागृत होती है। साथ ही कठिन परिस्थितियों में जवानों को धैर्य के साथ सामना करने का आत्मबल प्राप्त होता है। भविष्य में आयोजित होने वाले छत्तीसगढिया ओलंपिक प्रतियोगिताओं में भी उम्मीद है कि आप सब अपने दक्षता का उत्कृष्ट प्रदर्शन कर अपने जिले व संभाग का नाम रोशन करेंगे।

# सामाजिक कार्यकर्ता डीके सोनी को मोस्ट प्रॉमिसिंग कंज्यूमर राइट्स एक्टिविस्ट ऑफ द ईयर का अवॉर्ड

- संवाददाता -
अंबिकापुर,21 फरवरी 2023 (घटती-घटना)।

सामाजिक क्षेत्र में उत्कृष्ट काम करने पर आरटीआई कार्यकर्ता वह अधिवक्ता डीके सोनी को मोस्ट प्रॉमिसिंग कंज्यूमर राइट्स एक्टिविस्ट ऑफ द ईयर का अवॉर्ड से सम्मानित किया गया है। यह कार्यक्रम दिल्ली में आयोजित किया गया था। जहां डीके सोनी को दृश्यम 2 की एक्ट्रेस इसिता दत्ता के हाथों सम्मानित किया गया है।

सरगुजा अंबिकापुर से आने वाले सामाजिक कार्यकर्ता डीके सोनी जो पेशे से अधिवक्ता भी हैं उनके द्वारा हमेशा से भ्रष्टाचार, न्याय में देरी एवं विभिन्न क्षेत्र में समाज सेवा हेतु अनेक उत्कृष्ट कार्य किए गए हैं। डीके सोनी ने उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम जज 2019 एवं नियम 2020 में व्याप्त त्रुटि जैसे जिला आयोग में अध्यक्ष और सदस्यों में अनुभव में अंतर को सुधार हेतु भी प्रयासरत है। जिसको लेकर डब्लू बीआर कॉर्प संस्था के द्वारा अलग अलग छेत्र में अच्छा कार्य करने वालो का नॉमिनेशन मंगाया गया था जिसमे डीके सोनी द्वारा उपभोक्ता आयोग में दो साल से पद रिक्त होने और नियुक्ति नहीं होने के कारण अपने संस्था सरगुजा सोसाइटी फॉर फास्ट जस्टिस के माध्यम से आवाज बुलंद की , और सुप्रीम कोर्ट में भी



जनहित याचिका में इंट्रविनर बना, उक्त संबध में पूरे दस्तावेज डी के सोनी के द्वारा नॉमिनेशन में भेजा गया जिसमे डीके सोनी का आवेदन स्वीकार कर उन्हें दिल्ली बुलाया गया जहा पर होटल रेडिसन ब्लू में 17 फरवरी को दृश्यम 2की एक्ट्रेस इसिता दत्ता के हाथो मोस्ट प्रॉमिसिंग कंज्यूमर राइट्स एक्टिविस्ट ऑफ द ईयर का अवॉर्ड दिया गया। उक्त अवार्ड डीके सोनी को मिलने से उनके मित्रो, अधिवक्ताओं, और पीड़ित उपभोताओ में खुशी का माहौल है। दिल्ली से वापस आने पर डीके सोनी का कोरिया जिले के पटना में स्वर्णकार समाज के शंकर सोनी, फोरम फॉर फास्ट जस्टिस कोरिया के अध्यक्ष अरविंद सिंह के द्वारा स्वागत किया गया, तथा सिलफिली में पिलखा सेवा समिति के राजेश कुशवाहा, दीतेश राय, धीरज विश्वाश, सरपंच अजय सिंह और काफी लोगो द्वारा स्वागत किया गया तथा अंबिकापुर में बास्केट बॉल के अंतरराष्ट्रीय कोच राजेश प्रताप के नेतृत्व में डोल नगाड़ों, तथा आतिशबाजी से स्वागत किया गया।डी के सोनी का कहना हैं की यह अवार्ड उनके द्वारा किए जा रहे जनहित के कार्य को करने की प्रेरणा देता है तथा हिम्मत बढ़ता है और भविष्य में आगे और तेज गति से सामाजिक और जनहित के कार्य को किया जायेगा।

# होली क्रॉस वीमेंस कॉलेज में हर्ष की लहर,राष्ट्रीय मूल्यांकन एवं प्रत्यायन परिषद ने चतुर्थ चक्र मे नवाजा 'ए' ग्रेड से

- संवाददाता -
अंबिकापुर,21 फरवरी 2023 (घटती-घटना)।

20 फरवरी को राष्ट्रीय मूल्यांकन एवं प्रत्यायन परिषद (नाक) द्वारा प्राप्त सर्टिफिकेट में ए प्राप्त करते ही पूरे होली क्रॉस महाविद्यालय परिवार में हर्ष की लहर दौड़ गयी । ज्ञात हो कि,महाविद्यालय नेअपने पहले चक्र के मूल्यांकन में फाइव स्टार प्राप्त किया था। वर्ष 1971 में जनजाति बाहुल्य जिले में महिला शिक्षा को प्रोत्साहित करने और उन्हें आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से इस महाविद्यालय की स्थापना की गई थी,तब से लेकर आज तक अपने उद्देश्यों को पूर्ण करते हुए महाविद्यालय ने कई बाधाओं व उतार-चढ़ाव की सीढ़ियां पार करता हुआ,अपने उद्देश्यों से विचलित हुए बिना अपनी गुणवत्ता




से समझौता किये बगैर लगातार क्वालिटी एजुकेशन पर ध्यान केंद्रित रखते हुए कदम दर कदम आगे बढ़ता रहा,और वर्ष 2023 में ÷ए÷ ग्रेड प्राप्त किया। प्राचार्य डॉ सिस्टर शांता जोसेफ के कुशल नेतृत्व व निर्देशन और नाक कोऑर्डिनेटर डॉ सिस्टर मंजू टोप्पो की दक्षता एवम शैक्षणिक व अशैक्षणिक स्टाफ विद्यार्थियों के अथक परिश्रम पूर्वछात्राओं , अभिभावकगण के अतुलनीय सहयोग की वजह से परिणाम के रूप में प्राप्त ए ग्रेड ने इस परिसर में एक सकारात्मक माहौल उत्पन्न कर दिया है,इस महायज्ञ में हमे इस सम्मान का अधिकारी बनाने हेतु जिनका भी सहयोग हमे प्रत्यक्ष व अप्रत्यक्ष रूप से प्राप्त हुआ है,समस्त होली क्रॉस महाविद्यालय परिवार हृदय से उन सबके प्रति आभार ज्ञापित करता है,और अपेक्षा करता है कि,आगे भी आपका सहयोग हमे प्राप्त होता रहेगा और हम सिर्फ प्रदेश में नही बल्कि राष्ट्रीय स्तर पर भी अपने जिले व प्रदेश का नाम क्वालिटी एजुकेशन के क्षेत्र में रोशन करने हेतु प्रयासरत रहेंगे।

# दो जनपद सीईओ व एक तहसीलदार को नोटिस




## जन समस्या निवारण शिविर पुनः होगा शुरू

- संवाददाता -
अंबिकापुर,21 फरवरी 2023 (घटती-घटना)।

कलेक्टर कुन्दन कुमार ने मंगलवार को कलेक्टोरेट सभाकक्ष में आयोजित समय-सीमा की बैठक में विभागीय कार्यो की समीक्षा की। उन्होंने आगामी ग्रीष्म ऋतु में पेयजल व्यवस्था की समीक्षा करते हुए ग्रामीण क्षेत्रो में पेयजल की समस्या न हो इसके लिए लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के अधिकारियों को चिन्हांकित स्थानों पर पहले से ही व्यवस्था करने के निर्देश दिए। उन्होंने रीपा, गोठान तथा गोधन न्याय योजना के कार्य मे लापरवाही पर लखनपुर जनपद सीईओ ओपी पांडेय का वेतन रोकने सहित कारण बताओ नोटिस व उदयपुर के जनपद सीईओ पारस पैकरा व तहसीलदार लखनपुर श्रीमती गरिमा ठाकुर को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। उन्होंने लोगों की समस्याओं के निराकरण एक्शन मोड़ में करने जन समस्या सामाधन शिविर को पुनः सक्रिय करने तथा ग्राम पंचायत एवं विकासखण्ड स्तर पर जन समस्या निवारण शिविर शुरू करने के निर्देश दिए।

## लखनपुर नगर के में करोड़ों रुपए के निर्माण कार्यों का हुआ भूमिपूजन



लखनपुर,21 फरवरी 2023 (घटती-घटना)।

लखनपुर नगर पंचायत के विभिन्न वार्डों में 21 फरवरी दिन मंगलवार को नगर पंचायत अध्यक्ष श्रीमती सावित्री दिनेश साहू उपाध्यक्ष रामनारायण दुबे व पार्षदों के द्वारा विधि विधान से पूजा अर्चना करते हुए करोड़ों रुपए के निर्माण कार्यों का भूमि पूजन किया गया है प्राप्त जानकारी के मुताबिक राज्य प्रवर्तित योजना के तहत लखनपुर नगर के वार्ड क्रमांक 13 देवतालाब में 46.9 लाख सौंदर्यकरण, वार्ड क्रमांक 08 सिंगरा तालाब में 42.29 लाख के सौंदर्यकरण वार्ड क्रमांक 10 ढागा डबरी में 12.5 लाख के सौंदर्यकरण सहित वार्ड क्रमांक 07 में रिटर्निंग वाल तथा अन्य वार्डों में निर्माण कार्यों का स्थानीय बैगा द्वारा विधि विधान से पूजा अर्चना किया गया। नगर पंचायत उपाध्यक्ष रामनारायण दुबे, कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष कृपाशंकर गुप्ता, नगर पंचायत नेता प्रतिपक्ष रमेश जायसवाल, पार्षद बृज किशोर पांडे, भाजपा मंडल अध्यक्ष दिनेश साहू, पवन भुईया, गप्पू खान सहित स्थानीय वार्ड वासियों की उपस्थिति में नगर पंचायत अध्यक्ष श्रीमती सावित्री दिनेश साहू द्वारा भूमि पूजन किया गया तत्पश्चात प्रसाद का वितरण किया गया। इस दौरान नगर पंचायत इंजीनियर अशोक सिंह, ठेकेदार संजय गुप्ता, ठेकेदार महेश नायर ,चंद्रभान सिंह सहित बड़ी संख्या में वार्ड वासी मौजूद रहे।

## पेट दर्द से परेशान महिला ने फांसी लगाकर दी जान

अंबिकापुर, 21 फरवरी 2023 (घटती-घटना)।

पेट दर्द से परेशान एक महिला ने फांसी लगा ली। परिजन उसे इलाज के लिए मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती करवाया यहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। जानकारी के अनुसार अंजू गुप्ता पति करमोद गुप्ता उम्र 20 वर्ष गांधीनगर थाना क्षेत्र के गंगापुर खुर्द का रहने वाली थी। वह काफी दिनों से पेट दर्द से परेशान थी। उसे कुछ दिनों से दर्द और ज्यादा बढ़ गया था। वह दर्द से परेशान होकर घर में फांसी लगा ली थी। परिजन उसे फंदे से उतारकर इलाज के लिए मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती करवाया। यहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई।

# राष्ट्रीय सेवा योजना का सात दिवसीय शिविर सम्पन्न





- संवाददाता -
सूरजपुर,21 फरवरी 2023 (घटती-घटना)।



संत गहिरा गुरु विश्वविद्यालय अम्बिकापुर द्वारा प्रायोजित राष्ट्रीय सेवा योजना प्रकोष्ठ के इकाई शासकीय बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सूरजपुर का विशेष सात दिवसीय ग्रामीण शिविर का समापन ग्राम पंचायत रूनियाडीह में सत्यनारायण जायसवाल के मुख्य आतिथ्य व जनपद सदस्य बाबूलाल राजवाडे, जीतराम राजवाडे (जिलाध्यक्ष) मानव सेवा समिति तथा इजराइल खान के विशिष्ट आतिथ्य और ग्राम पंचायत के सरपंच श्रवण कुमार सिंह के अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। कार्यक्रम की शुरुआत सभी अतिथियों द्वारा स्वामी विवेकानन्द के छायाचित्र में दीप प्रज्जवलित कर प्रारम्भ की गई। इस अवसर पर मुख्य अतिथि सत्यनारायण जायसवाल ने राष्ट्रीय सेवा योजना के सूरजपुर इकाई द्वारा उनके जिला पंचायत क्षेत्र के ग्राम रूनियाडीह को शिविर करने पर धन्यवाद ज्ञाप किया। उन्होंने विभिन्न कार्यों का उल्लेख करते हुए कहा की यदि हम स्वयं सेवकों से प्रेरणा लेकर ग्राम की स्वच्छता को बरकरार रख सकते हैं जिससे हमारे ग्रामवासियों का स्वास्थ्य भी ठीक रहेंगा। उन्होंने स्वयं सेवकों से कहा कि वे अपना लक्ष्य बनाकर कार्य करें तो वे अपने-अपने मंजिल को प्राप्त कर सकते हैं। विशिष्ठ अतिथि जनपद सदस्य बाबूलाल राजवाडे ने अपने उद्बोधन में समाज सेवकों के प्रकार को बताते हुए कहा कि सेवक तीन प्रकार के होते हैं। जिसमें स्वयं सेवक सबसे श्रेष्ठ होता है। उन्होंने कहा की आपके द्वारा ग्राम पंचायत में चलाये गये सभी कार्य गावं के लोगों के लिए प्रेरणादायी हैं, हम ग्रामवासियों को इसका अनुशरण करना चाहिये। सरपंच श्रवण कुमार सिंह ने स्वयं सेवकों के द्वारा अनुशासित ढंग से ग्राम में किये गये विभिन्न कार्यो को बताते हुए ग्रामवासियों व समाज के अन्य लोगों को इससे प्रेरित होने को कहा। मानव सेवा समिति के अध्यक्ष जीतराम राजवाड़े ने स्वयं सेवकों जैसा सेवा भाव ग्रामवासियों में जागृत करने हेतु अपना उद्बोधन दिया। सात दिवसीय विशेष ग्रामीण शिविर का प्रतिवेदन कार्यक्रम अधिकारी ओमप्रकाश राजवाड़े ने प्रस्तुत करते हुए बताया की इन सात दिवसों में राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयं सेवकों द्वारा ग्राम पंचायत रूनियाडीह के गोंडपारा, लोहारपारा, पटेलपारा, गोटियानपारा, रजवार पारा, घसिया पारा आदि विभिन्न मोहल्लों के सभी गलियों, नालियों की साफ-सफाई की गई। ग्राम पंचायत में स्थित सभी हेण्ड पम्पों के आसपास नालियों की सफाई कर आवश्यकता अनुसार सोख्ता गढ्ढों का निर्माण किया गया। ग्राम पंचायत रूनियाडीह में रेणुका नदी के किनारे में बने मंदिर परिसर की सफाई तीन दिनों तक अलग-अलग दलों के द्वारा इधर-उधर बिखरे ईंटों को व्यवस्थित किया गया। इस मंदिर में बनाये जा रहे सावर्जनिक शौचालय निर्माण में स्वयं सेवकों के द्वारा दो दिनों तक श्रम दान किया गया। बौद्धिक परिचर्चा में कैरियर कॉउसिलग, रोजगार मूलक शिक्षा, विभिन्न प्रकार के प्रतियोगिता परीक्षाओं हेतु मार्गदर्शन किया गया। लक्ष्य निर्धारित कर कक्षा बारहवीं के बाद छात्रों को रोजगार मूलक शिक्षा आदि विषयों पर परिचर्चा आयोजित की गई। शिविर दिनचर्या अनुसार प्रति दिवस गाव में जनसम्पर्क कर शासन द्वारा चलाये जा रहे विभिन्न योजनाओं के बारे में ग्रामवासियों को अवगत कराया। इस समापन अवसर पर स्वयं सेवक लोकेश जायसवाल व साथियों के द्वारा लक्ष्य गीत, घरलाल केवट व साथियों द्वारा छत्तीसगढ़ी नृत्य तथा राजकुमार सिंह द्वारा शोलो डांस, तथा स्वयं सेवकों द्वारा ष्समाज में अंध विश्वास व नशा पान शिर्षक पर एक लघु नाटिका प्रस्तुत किया जो काफी सराहनीय रहा।

इस अवसर पर माध्यमिक शाला के प्रधान पाठक सीमांचल त्रिपाठी, प्रवीण तिवारी प्रधान पाठक, श्री से.मो. नसीम वरिष्ठ व्याख्याता दायानन्द चैबे, बाबुनाथ तिर्की, श्री मानसाय टोप्पो, श्री अनुराग सिंह बघेल, श्री जितेन्द्र साहू, राबिन्स लकडा, बोधन राम राजवाडे, श्री सीबी सिंह, पारस राम राजवाड़े सहित ग्राम के माध्यमिक शाला के सभी छात्र-छात्राऐं, गाव के महिलाओं सहित विभिन्न स्तर के गांव के सभी मुखिया उपस्थित थे।

## तीन-अलग-अलग सड़क दुर्घटना में तीन की मौत

अंबिकापुर,21 फरवरी 2023 (घटती-घटना)।

तीन अलग-अलग सड़क दुर्घटना में तीन लोगों की मौत हो गई। जानकारी के अनुसार उदयपुर थाना क्षेत्र के ग्राम ढ़ाब निवासी 18 वर्षीय मुकेश लकड़ा पिता रामधनी लकड़ा सोमवार की रात को घर के बाहर सड़क पर टहल रहा था। इस दौरान अज्ञात वाहन ने उसे टक्कर मार दी। इससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। वहीं दूसरी घटना मणिपुर थाना क्षेत्र की है। भिट्ठीकला निवासी 70 वर्षीय सोरन राजवाड़े सोमवार की रात को अपने पुराने घर से नए घर पर जा रहा था। इस दौरान रास्ते में माझापारा प्राइमरी स्कूल के पास सड़क पार करने के दौरान अज्ञात वाहन ने उसे टक्कर मार दी थी। इससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। सूचना पर मणिपुर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच की। वहीं तीसरी घटना सोनगरा की है। भागमति पति टेबलू उम्र 55 वर्ष सोमवार को बाइक से अपने बेटे के साथ कहीं जा रहा थी। रास्ते में वह बाइक से अचानक गिर गई। इससे वह गंभीर रूप से जख्मी हो गई थी। उसे इलाज के लिए मिशन अस्पताल में भर्ती कराया गया था। यहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई।

## दो अलग-अलग मामले में आग से झुलस कर दो महिलाओं की मौत

अंबिकापुर,21 फरवरी 2023 (घटती-घटना)।

दो अलग-अलग मामले में आग से झुलस कर दो महिला की मौत हो गई। दोनों को इलाज के लिए अंबिकापुर मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया गया था। जानकारी के अनुसार शिवांसु देवी पति वीर साय उम्र 61 वर्ष बलरामपुर जिले के ग्राम रेहड़ा की रहने वाली थी। वह 10 फरवरी की रात को आग ताप रही थी। इस दौरान आग उसके कपड़े में पकड़ लिया। इससे वह गंभीर रूप से जख्मी हो गई थी। परिजन उसे इलाज के लिए बलरामपुर अस्पताल में भर्ती कराया था। यहां उसकी स्थिति को गंभीर देखते हुए चिकित्सकों ने अंबिकापुर मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर कर दिया था। यहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। दूसरी घटना सीतापुर थाना क्षेत्र की है। 25 वर्षीय चंपा चक्रवर्ती पति एतवा 17 फरवरी की आग तापने के दौरान झुलस गई थी। परिजन उसे इलाज के लिए सीतापुर अस्पताल में भर्ती कराया था। यहां उसकी स्थिति को गंभीर देखते हुए उसे बेहतर इलाज के लिए अंबिकापुर मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर कर दिया था। यहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। इन दोनों मामले में पुलिस ने मर्ग कायम किया है।

# कलेक्टर ने ली सप्ताहिक समय सीमा की बैठक

» कलेक्टर ने कार्मिक संपदा पोर्टल में ओपीएस एवं एनपीएस के विकल्पों का अनिवार्यता प्रविष्टि कर अपलोड करने के निर्देश दिए

» कमलपुर रेलवे स्टेशन में 25 फरवरी से 17 मार्च तक लाइफ लाइन एक्सप्रेस के माध्यम से निःशुल्क स्वास्थ्य कार्यक्रम का होगा आयोजन

- संवाददाता -
सूरजपुर,21 फरवरी 2023 (घटती-घटना)।

कलेक्टर सुश्री इफ्फत आरा ने समय-सीमा की बैठक में विभिन्न विभागों के लंबित प्रकरणों की जानकारी लेकर समय अवधि में निराकरण करने के निर्देश दिए। उन्होंने छत्तीसगढ़ वित्त विभाग मंत्रालय महानदी भवन नया रायपुर के निर्देशानुसार 01 नवंबर 2004 अथवा उनके पश्चात् नियुक्त शासकीय कर्मचारियों हेतु नवीन अंशदायी पेंशन योजना के स्थान पर पुरानी पेंशन योजना लागू होने के फलस्वरूप 01 नवंबर 2004 से 31 मार्च 2022 के मध्य नियुक्त शासकीय सेवकों के लिए पुरानी पेंशन योजना का लाभ लेने अथवा नवीन अंशदायी पेंशन योजना में यथावत बने रहने के विकल्प का प्रावधान किया गया है। उन्होंने सभी विभाग के आहरण एवं संवितरण अधिकारी को सभी अधिकारी कर्मचारियों का निर्धारित समय अवधि में कार्मिक संपदा पोर्टल में ओ पी एस एवं एनपीएस के विकल्पों का अनिवार्यता प्रविष्टि कर अपलोड करने के निर्देश दिए।

कलेक्टर सुश्री आरा ने इंपैक्ट इंडिया फाउंडेशन लाइफ लाइन एक्सप्रेस के तहत कमलपुर रेलवे स्टेशन में 25 फरवरी से 17 मार्च तक लाइफ लाइन एक्सप्रेस के माध्यम से निःशुल्क स्वास्थ्य कार्यक्रम आयोजित किया जाना है के संबंध में स्वास्थ्य विभाग एवं अन्य विभाग से व्यवस्थाओं के संबंध में जानकारी ली एवं व्यवस्था दुरुस्त करने के निर्देश दिए। लाइफ लाइन एक्सप्रेस में आंख की जांच एवं मोतियाबिंद की सर्जरी, कान की जांच एवं कान की सर्जरी, मुड़े हुए पैर का परीक्षण एवं सर्जरी, कटे-फटे ओठ की जांच एवं सर्जरी, दांत की जांच व उपचार, स्तन और ग्रीवा कैंसर जागरूकता एवं परीक्षण निःशुल्क स्वास्थ्य इलाज किया जाएगा। कलेक्टर ने अधिक से अधिक चिकित्सा लाभ दिलाने के लिए प्रचार प्रसार के लिए मुनादी पंचायतों में करने के निर्देश दिए।

कलेक्टर ने एफआरए ग्रामों में आदर्श ग्राम विकसित किए जाने के संबंध में जानकारी ली। जिले में अनुसूचित जनजाति एवं अन्य परम्परागत वन निवासी (वन अधिकारों की मान्यता) अधिनियम-2006 के तहत् सभी विकासखंड में वन अधिकार पत्र प्रदाय किया गया है। शासन द्वारा प्रत्येक विकासखंड से एक ग्राम का चयन कर वन अधिकार के सभी घटकों का क्रियान्वयन एवं अन्य शासकीय कार्यक्रमों का लाभ दिए जाने के निर्देश है तथा उस ग्राम को वन अधिकार मान्यता प्राप्त अधिनियम के तहत आदर्श ग्राम के रूप में पहले से मौजूद योजना के अंतर्गत ही विकसित किया जाये। जिले में चयनित आदर्श ग्रामों में जनपद पंचायत सूरजपुर सोनवाही, जनपद पंचायत रामानुजनगर- बरबसपुर, जनपद पंचायत प्रेमनगर तारा, जनपद पंचायत प्रतापपुर- खड़गवाँ कला, जनपद पंचायत भैयाथान- बुंदिया एवं जनपद पंचायत ओड़गी- जाज ग्राम को आदर्श ग्राम के रूप में चयनित किया गया है। कलेक्टर ने व्यक्तिगत वन अधिकार पत्र के सभी प्रकरणों का निराकरण ,सामुदायिक वन अधिकार पत्र का प्रदाय,वन संसाधन अधिकार पत्र का प्रदाय, वन अधिकार समिति का गठन, देवगुड़ी विकास, महात्मा गांधी रोजगार गारंटी योजना के तहत् व्यक्तिगत वन अधिकार पत्रों का विकास कार्य,वन अधिकार पत्र धारकों कृषि ऋण की सुविधा,राजीव गांधी भूमिहीन कृषि मजदूर न्याय योजना एवं राजीव गांधी किसान न्याय योजना का लाभ, कृषि आदान सामग्री की उपलब्धता, वन अधिकार पत्र धारकों को धान खरीदी का पंजीयन, लघु वनोपज संग्रहण एवं क्रय तथा प्रसंस्करण की व्यवस्था, सामाजिक सुरक्षा योजना एवं शासन की अन्य समस्त योजनाओं का लाभ, शैक्षणिक सुविधाओं की उपलब्धता, कौशल विकास योजना का क्रियान्वयन, सुपोषण योजना का क्रियान्वयन, मलेरिया मुक्ति अभियान सहित शासन से मिलने वाली सभी सुविधाएं एवं उपलब्धता सुनिश्चित करने जनपद सीईओ को निर्देशित किया। उन्होंने सभी जनपद सीईओ को शिविर लगाकर समस्याओं का निराकरण करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने लघु वनोपज संग्रहण, वन धन केंद्र, हाथी प्रभावित क्षेत्र स्थिति की जानकारी ली एवं हाथियों द्वारा किए गए क्षतिपूर्ति की मुआवजा राशि समय पर उपलब्ध कराने के निर्देश दिए।

कलेक्टर सुश्री आरा ने जाति प्रमाण पत्र, श्रमिक पंजीयन एवं आयुष्मान कार्ड, केसीसी प्रविष्टि के प्रगति की जानकारी ली तथा शत-प्रतिशत श्रमिक पंजीयन एवं आयुष्मान कार्ड बनाने के निर्देश दिए। उन्होंने मुख्यमंत्री जन चौपाल, कलेक्टर शिकायत शाखा, जन शिकायत एवं लोक सेवा गारंटी आदि के माध्यम से प्राप्त हुए हैं। सभी आवेदनों का निराकरण निर्धारित समय सीमा के भीतर करने निर्देश दिए। उन्होंने राजस्व संबंधित प्रकरण समय अवधि में निराकरण करने निर्देश दिए। बैठक में, जिला पंचायत सीईओ सुश्री लीना कोसम, संयुक्त कलेक्टर श्री नरेंद्र पैकरा, डॉ. प्रियंका वर्मा, एसडीएम श्री रवि सिंह, श्री सागर सिंह राज, श्री उत्तम रजक श्रीमती दीपिका नेताम, एसपी कार्यालय डीएसपी इमानुएल लकडा डिप्टी कलेक्टर श्री नंद जी पांडे एवं विभाग के समस्त अधिकारी उपस्थित थे।






## अज्ञात बालिका गुमशुदा

सूरजपुर,21 फरवरी 2023 (घटती-घटना)।



जिला बाल संरक्षण अधिकारी के जानकारी अनुसार ग्राम तेलगंवा, थाना भटगांव, जिला सूरजपुर की एक बालिका जो मानसिक रूप से बोल नहीं पाती है। इषारे से ही कुछ बता पाती है। और एक आंख (दाहिने) से बिल्कुल कम दिखाई देता है। अज्ञात बालिका की कहीं पता नहीं चला रहा है। बालिका को ग्रामीणों द्वारा सूचना पर चाईल्ड लाईन ओड़गी के बाल कल्याण समिति के समक्ष 4 अप्रैल 2020 को प्रस्तुत किया गया था। संबंधित की जानकारी मिलने पर आप अपने अधिकार क्षेत्रांतर्गत में पतासाजी करें। जानकारी मिलने पर थाना भटगांव, नियंत्रण कक्ष सूरजपुर या पुलिस अधीक्षक कार्यालय सूरजपुर को क्रमशः 9009382323, 7987721889, 07775-266501, 07775-266579 इन नम्बरों पर सम्पर्क कर सूचित करें।

## जनदर्शन में कलेक्टर ने दूरस्थ क्षेत्रों से आए आम लोगों की समस्याओं और शिकायतों को पूरी गंभीरता सुना एवं विभागीय अधिकारियों को निराकरण करने निर्देश दिया




- संवाददाता -
सूरजपुर,21 फरवरी 2023 (घटती-घटना)।

जनदर्शन के माध्यम से आमजनता से कलेक्टर सुश्री इफ्फत आरा ने रूबरू होकर दूरस्थ क्षेत्रों से आए आमलोगों की समस्याओं और शिकायतों से संबंधित आवेदनों को पूरी गंभीरता से अवलोकन कर सुना।

आज जनदर्शन में पीएम आवास, वन अधिकार पत्र, ऋण पुस्तिका, अनुकंपा नियुक्ति, राजस्व विभाग अंतर्गत सीमांकन, में नामांतरण, बटवारा, त्रुटि सुधार, जमीन विवाद जैसे आवेदन प्राप्त हुए उन्होंने राजस्व अमला को नियमानुसार आवश्यक कार्यवाही कर निराकरण करने के निर्देश दिए है। इसी तरह जनदर्शन में राशन कार्ड, बेजा कब्जा, त्रुटि सुधार, मजदूरी भुगतान, नक्शा दुरुस्तीकरण, सड़क निर्माण,नामांतरण संशोधन, श्रमिक पंजीयन, फर्जी पट्टा निरस्तीकरण, जैसे आवेदन भी प्राप्त हुए। आवेदन का अवलोकन कर पात्रता अनुसार निराकरण करने निर्देशित किया। इस दौरान जिला पंचायत सीईओ सुश्री लीना कोसम, संयुक्त कलेक्टर, नरेंद्र पैकरा, डॉ. प्रियंका वर्मा, एसडीएम रवि सिंह, श्री सागर सिंह राज, एसपी कार्यालय डीएसपी इमैनुएल लकडा, डिप्टी कलेक्टर नंद जी पांडे, एवं विभाग के समस्त अधिकारी उपस्थित थे।

## युवा कांग्रेसी नेता आशीष डबरे को एआईसीसी राष्ट्रीय अधिवेशन में मिली महत्त्वपूर्ण जिम्मेदारी

- संवाददाता -
बैकुण्ठपुर 21 फरवरी 2023 (घटती-घटना)।



अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के राष्ट्रीय अधिवेशन के सफल संचालन हेतु प्रदेश कांग्रेस कमेटी द्वारा 13 समितियां गठित की गई है, जिसमें ट्रांसपोर्ट समिति का गठन वन मंत्री मोहम्मद अकबर की अध्यक्षता में किया गया है। जो अधिवेशन में 3000 गाड़ियों एवं 200 ई रिक्शा की व्यवस्था देखेंगे जो अधिवेशन का महत्वपूर्ण हिस्सा है इसका कार्यभार संभालेंगे। जिसमें कोरिया जिले के युवा नेता एवं जिला प्रवक्ता आशीष डबरे जिनको भी महत्वपूर्ण जिम्मेदारी हेतु समिति में शामिल किया गया है। जिसके बाद युवा नेता आशीष डबरे का कद काफी बढ़ा माना जा रहा है। जिला कांग्रेस कमेटी की ओर से आशीष डबरे को शुभकामनाएं दी गई हैं।

## जिले में 28 फरवरी से 31 मार्च 2023 तक मनाया जायेगा शिशु संरक्षण माह

» माह के प्रत्येक मंगलवार एवं शुक्रवार को प्रातः 9 बजे से सायं 5 बजे तक दिया जायेगा निःशुल्क सेवा

- संवाददाता -
सूरजपुर,21 फरवरी 2023 (घटती-घटना)।

कलेक्टर सुश्री इफ्फत आरा की अध्यक्षता में आज संयुक्त जिला कार्यालय के सभाकक्ष में जिला स्तरीय अंतरविभागीय समन्वय की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में जिला टिकाकरण अधिकारी ने बताया कि जिले में 28 फरवरी 2023 से 31 मार्च 2023 तक शिशु संरक्षण माह का आयोजन किया जाएगा। जिसमें जिले के समस्त आंगनबाड़ी केन्द्रों में निःशुल्क सेवा माह प्रत्येक मंगलवार एवं शुक्रवार को प्रातः 9 बजे से सायं 5 बजे तक दिया जायेगा। लक्षित समूह के 6 माह से 5 वर्ष 81603 तथा 9 माह से 5 वर्ष के 77096 बच्चों का चिंहाकन किया गया है। शिशु संरक्षण माह के माध्यम से सूक्ष्म कार्ययोजना बनाकर लक्षित समूह को अधिक से अधिक सेवा प्रदाय करना, कुपोषित बच्चों को चिन्हित कर तृतीय एवं चतुर्थ श्रेणी के बच्चों को पोषण पुनर्वास केन्द्र में रिफर करना, बच्चों में रक्त अल्पता को पहचान कर उन्हें दूर करना तथा जोखिम युक्त क्षेत्रों शहरी मलीन बस्ती, झुग्गी झोपड़ी, ईट भट्ठा, भवन निर्माण स्थल, घुमन्तु बंजारे प्रजाति के बच्चों का भी टीकाकरण करना शामिल है। शिशु संरक्षण माह के दौरान बच्चों को विटामीन ए सीरप निर्धारित आयु के बच्चों को निश्चित अंतराल में देना, आईएफए सीरप देना, बच्चों का वजन लेना, पोषण आहार के विषय में बच्चों की आयु के अनुरूप आहार की जानकारी देना, आंगनबाड़ी स्थित सत्रों में सम्पूरक पोषण आहार की सेवाओं का हितग्राहियों की पात्रता व पोषण तत्वों की आवश्यकता अनुरूप उपलब्ध कराना जाना है। साथ ही गंभीर कुपोषित बच्चे जो एसएएम की श्रेणी में हैं उन्हें चिन्हित कर पोषण पुनर्वास केन्द्रों में आहार की प्रदायगी सहित संक्रमण के उपचार हेतु भर्ती किया जाना है।

जिला टीकाअधिकारी ने सभी अनुविभागीय अधिकारियों ने अनुरोध किया है कि वे अपने अधिनस्थ समस्त तहसीलदारों निर्देशित करेंगे कि वे अपने अधिनस्त पटवारी एवं कोटवारों को शिशु संरक्षण माह के आयोजन के संबंध में व्यापक प्रचार-प्रसार हेतु मुनादी कराना सुनिश्चित करें। इसी प्रकार जिला सीडीपीओ अपने अधिनस्थ आंगनबाड़ी सुपरवाइजर निरीक्षण करने एवं आंगनबाड़ी कार्यकर्ता को आंगनबाड़ी केन्द्र को सही समय पर खोलने के साथ ही शिशु संरक्षण माह में अपनी पूर्ण सहयोग देने कहा है। उन्होंने समस्त विकासखण्ड मुख्यकार्यपालन अधिकारियों से भी आग्रह किया है कि वे अपने अधिनस्थ समस्त सरपंच एवं सचिवों को शिशु संरक्षण माह में आयोजित होने वाले कार्यक्रमों में अपनी सक्रिय भागीदारी एवं सहयोग प्रदान करें।

## रात्रि 10 से प्रातः 6 बजे के मध्य ध्वनि विस्तारक यंत्रों पर पूर्णतः प्रतिबंध

- संवाददाता -
सूरजपुर,21 फरवरी 2023 (घटती-घटना)।

शालेय एवं महाविद्यालयीन परीक्षाएँ निकट भविष्य में प्रारंभ होने वाली हैं तथा विद्यार्थियों द्वारा परीक्षा की तैयारी की जा रही है। आम जनता द्वारा ध्वनि विस्तारक यंत्रों का उपयोग मानक सीमा से अधिक आवाज, ऊँची आवाज में किये जाने से विद्यार्थियों के पढ़ाई में व्यवधान उत्पन्न होता है। इसके अतिरिक्त बुजूर्ग, दुर्बल एवं बीमार व्यक्ति चाहे वे किसी संस्था, अस्पताल या घर में हों, को अत्यधिक परेशानी होती है। इन परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए ध्वनि विस्तारक यंत्रों का मनमानी तरीके से उपयोग की सुविधा नहीं दी जा सकती है।

अतएव उपर्युक्त वर्णित तथ्यों पर विचारोपरान्त मैं इफ्फत आरा, जिला मजिस्ट्रेट, सूरजपुर, छत्तीसगढ़ कोलाहल नियंत्रण अधिनियम 1985 की धारा 18 में प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए ध्वनि विस्तारक यंत्र का चलाया या चलवाया जाना प्रतिबंधित करती हूँ। विशेष परिस्थितियों में क्षेत्र के अनुविभागीय दण्डाधिकारी से अनुमति प्राप्त कर धीमी आवाज में लाउडस्पीकर का उपयोग किया जा सकता है, किन्तु रात्रि 10.00 बजे से प्रातः 6.00 बजे के मध्य ध्वनि विस्तारक यंत्रों का उपयोग पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा।

यह आदेश जारी किये जाने की तिथि से दिनांक 31 मार्च 2023 तक सम्पूर्ण सूरजपुर जिले में प्रभावशील रहेगा।

## कलेक्टर ने अभियान चलाकर राजस्व वसूली करने का दिया सख्त निर्देश



» जिन लोगों का जलकर, संपत्तिकर, बकाया है उनको आरआरसी जारी करें

» हर वार्ड जाकर राजस्व वसूली करने दिए निर्देश

- संवाददाता -
जशपुरनगर,21 फरवरी 2023 (घटती-घटना)।

कलेक्टर डॉ. रवि मित्तल ने आज कलेक्टोरेट कक्ष नगरीय निकाय के अधिकारियों की बैठक लेकर गोबर खरीदी, राजस्व वसूली, और खाद बनाने की प्रगति, जलकर, संपत्तिकर सहित अन्य राजस्व वसूली की जानकारी ली। उन्होंने अधिकारियों अभियान चलाकर राजस्व वसूली करने के सख्त निर्देश दिए है। जिन लोगों का अधिक संख्या में जलकर, संपत्तिकर बकाया है। ऐसे लोगों का एसडीएम की उपस्थिति में बैठक लेने के निर्देश दिए है। और समझाईश देने के लिए कहा गया है। उन्होंने कहा कि ऐसे लोग जो टैक्स जमा करने में रूचि नहीं ले रहे है। आरआरसी जारी करके भू-राजस्व के तहत बकाया वसूली करने के सख्त निर्देश दिए है। और कार्यवाही करने के लिए कहा है।

कलेक्टर ने कहा कि हर वार्ड में जाकर के लोगों को राजस्व वसूली कार्य में प्रगति लाने के लिए कहा है।

# कलेक्टर ने कुदरगढ़ चैत्र नवरात्र मेला व्यवस्था की तैयारी के संबंध में ली बैठक

» कुदरगढ़ मेले में श्रद्धालुओं को मिलेगी बेहतर सुविधाएं









- संवाददाता -
सूरजपुर,21 फरवरी 2023 (घटती-घटना)।

मां बागेश्वरी देवी लोक न्यास ट्रस्ट कुदरगढ़ चैत्र नवरात्र मेला व्यवस्था की तैयारी के संबंध में अध्यक्ष लोक न्यास ट्रस्ट कुदरगढ़ एवं कलेक्टर सुश्री इफ्फत आरा के द्वारा आज समुदायिक भवन कुदरगढ़ में बैठक आयोजित की गई। बैठक में विधायक भटगांव क्षेत्र पारसनाथ राजवाडें, , जिला पंचायत सीईओ, एस.डी.एम. भैयाथान, तहसीलदार, जनपद सीईओ ओडगी,पुलिस विभाग के एसडीओपी, ट्रस्ट के अध्यक्ष, सदस्यगण, जनप्रतिनिधि, विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे। अतिथियों का स्वागत एवं सम्मान माथे पर तिलक लगाकर एवं देवी माँ की पट्टी पहनाकर किया गया। बैठक में आगामी चैत्र नवरात्र में मेला संचालन के हेतु बैठक का एजेण्डा उपस्थित सदस्यों के बीच रखा गया जिस पर श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की परेशानी न हो इसके लिए बिन्दुवार चर्चा करते हुए क्रियान्वयन के संबंध में निर्णय लिया गया तथा कुदरगढ़ में चैत्र नवरात्रि के दौरान कार्यक्रम भव्य आयोजन हेतु सभी मूलभूत सुविधाएं बेहतर करने पर जोर दिया गया। बैठक में आय व्याय पर भी चर्चा किया गया ।

बैठक में विधायक पारसनाथ राजवाड़े ने कुदरगढ़ चैत्र नवरात्र मेला में श्रद्धालुओं को पर्याप्त सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएगी व समन्वय के साथ मेले की तैयारी व्यवस्थित तरीके से करने पर जोर दिया। उन्होंने कमियों को तत्काल दूर कर ऐसी व्यवस्था सुनिश्चित करने कहा जिससे श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की कोई समस्या न हो। उन्होंने कुदरगढ़ के सभी ट्रस्टियों को पास जारी करने की बात कहीं।

कलेक्टर सीईओ सुश्री आरा ने कहा कि चैत्र नवरात्र मेला को सफल करने के लिए सभी की नैतिक जिम्मेदारी है। बेहतर व्यवस्था श्रद्धालुओं को उपलब्ध कराई जाएगी। बैठक में बिन्दुवार चर्चा करते मेला अवधि, बिजली व्यवस्था ,लाइट व्यवस्था, सोलर लाइट की व्यवस्था, पार्किंग व्यवस्था, शौचालय की बेहतर सुविधा, पानी व्यवस्था, ज्योति कलश की व्यवस्था सहित अन्य विषयों पर चर्चा की गई। साथ ही जिला सीईओ ने कहा की प्रशासन एवं पुलिस प्रशासन हर संभव सभी क्षेत्रों में सहयोग करेगा। उन्होंने सभी व्यवस्थाओं का जायजा लेते हुए दुरुस्त करने एवं श्रद्धालुओं के बेहतर सुविधा के लिए शौचालय को मरम्मत करने, साफ सफाई के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए। निर्देश दिए हैं। उन्होंने सभी सदस्यों बातों को सुनकर सभी के सहयोग से कार्यक्रम को सफल करने की बात कही।

CMYK

# क्षेत्रीय सांसद की उपस्थिति में जनपद अध्यक्ष ने निकाली अपनी भड़ास

- आखिर क्यों भड़क गई जनपद पंचायत खड़गवा की अध्यक्ष?
- क्या आदिवासी महिला होने पर हो रही हैं उपेक्षा की शिकार?
- विधायक व अधिकारी कर रहे है सार्वजनिक कार्यक्रम में निरंतर अध्यक्ष की उपेक्षा
- जिस कार्यक्रम में जनपद अध्यक्ष ने उपेक्षा का लगाया आरोप
- उक्त कार्यक्रम को मंच संचालक ने कार्यक्रम को बताया ब्लॉक कांग्रेस कमेटी का कार्यक्रम
- कार्यक्रम नवनिर्मित पुल के उद्घाटन का जैसा की बताते हैं सूत्र,ऐसे में कैसे हो गया ब्लॉक कांग्रेस कमेटी का कार्यक्रम?
- मंच संचालक जिन्होंने कार्यक्रम को बताया ब्लॉक कांग्रेस कमेटी का वह स्वयं भारतीय डाक विभाग में कार्यरत:सूत्र
- कार्यक्रम में विकासखंड के अन्य कर्मचारी भी थे उपस्थित, क्या राजनीतिक दल के कार्यक्रम में भीड़ जुटाने बुलाए गए थे कर्मचारी?




- रवि सिंह -
चिरमिरी/खड़गवा 21 फरवरी 2023 (घटती-घटना)।

खड़गवां जनपद पंचायत की अध्यक्ष श्रीमती सोनमती उर्रे ने प्रेस वार्ता कर उनकी निरंतर हो रही उपेक्षा को लेकर कांग्रेस को आड़े हाथों लिया। जनपद पंचायत खड़गवा की अध्यक्ष सोनमती उर्रे ने पत्रकारों से चर्चा करते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ के विधानसभा अध्यक्ष चरण दास महंत, कोरबा लोकसभा सांसद श्रीमती ज्योत्सना महंत,मनेंद्रगढ़ विधायक डॉ विनय जायसवाल के द्वारा कोडंगी में पुल निर्माण का भूमिपूजन गत दिवस किया गया। जिसमे मुझे अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों के द्वारा आमंत्रित किया जाना उचित नही समझा गया। इस दौरान मैं स्वयं कार्यक्रम में पहुंची और जमीन पर बैठ गई। मेरे वहा पहुंचते ही नेताओं और अधिकारियों में हड़बड़ी मच गई। जिसके बाद मुझे मंच पर बैठाया गया इस दौरान मैंने माइक लेकर उपस्थित जनों को संबोधित करते हुए कहा कि आदिवासी महिला होने का खामियाजा मुझे उठाना पड़ रहा है। निरंतर अधिकारियों और यहां के कांग्रेसी नेताओ के द्वारा मुझे अनदेखी किया जाता है। मैं आज अपनी पहचान की मोहताज नहीं हूं लेकिन मेरी पद की जो पहचान है कम से कम उसका सम्मान होना चाहिए। ज्ञात हो की ग्राम पंचायत कोडांगी के पास एक पुल के उद्घाटन के लिए मंच पर विधानसभा अध्यक्ष चरणदास महंत कोरबा संसदीय क्षेत्र की सांसद श्रीमती ज्योत्सना महंत मनेंद्रगढ़ विधानसभा के विधायक डॉ विनय जायसवाल चिरमिरी नगर पालिक निगम की महापौर श्रीमती कंचन जायसवाल नगर पालिक निगम की सभापति श्रीमती गायत्री बिरहा के साथ कई ग्राम पंचायतों के सरपंच सचिव एवं अन्य कई प्रशासनिक अधिकारी के बीच जनपद पंचायत खड़गवा की अध्यक्ष पहुंची जहां एक तरफ उनके क्षेत्र में पुल के उद्घाटन समारोह में आमंत्रित न किए जाने का दुख रहा। वहीं दूसरी ओर द्वेषपूर्ण भावनाओं को लेकर जनपद अध्यक्ष ने मंच से पूरे भड़ास के साथ कहा कि मुझे किसी प्रकार की जानकारी दी नहीं जाती। अभी 8 महीना चुनाव का बचा है मैं एक आदिवासी महिला हूं। मैं जिधर रहूंगी अपने आदिवासी समाज के साथ रहूंगी। अध्यक्ष श्रीमती सोनमती ने कहा कि मैं एक आदिवासी महिला हूं बार-बार मेरा तिरस्कार किया जाता है। कम से कम मेरे पद का सम्मान होना चाहिए आज मैं जिस पद पर हूं उस पद की गरिमा है लेकिन भाजपा की समर्थित अध्यक्ष होने के कारण हर बार मुझे उपेक्षित किया जाता है ऐसा पहली बार नहीं हुआ है इससे पहले भी अन्य कई कार्यक्रमों में भी इस प्रकार की उपेक्षा की जाती रही है। जबकि इससे पूर्व भाजपा के शासन काल में भी कांग्रेस समर्थित जनपद जिला पंचायत अध्यक्ष रहे है जिनकी कभी उपेक्षा नहीं किया गया। कांग्रेस सरकार में ही इस तरह का कार्य किया जा रहा है। भाजपा शासन के कार्यों को ही केवल पूर्ण करने का काम कांग्रेस कर रही है, कोई नया काम इस क्षेत्र में कांग्रेस नहीं कर पाई है हो सकता है उसी कारण ये सार्वजनिक कार्यक्रमों में बुलाना उचित नहीं समझते है।

### कार्यक्रम में मंच संचालक ने कार्यक्रम को बताया ब्लॉक कांग्रेस कमेटी का कार्यक्रम

जिस कार्यक्रम में जनपद अध्यक्ष ने अपनी उपेक्षा को लेकर अपनी भड़ास भरे मंच से निकली उक्त कार्यक्रम में ही मंच संचालक ने जनपद उपाध्यक्ष के उद्बोधन के बाद यह जानकारी सार्वजनिक की की कार्यक्रम ब्लॉक कांग्रेस कमेटी का कार्यक्रम है। वैसे उक्त विषय में सोशल मीडिया में यह सवाल भी विपक्ष ने उठाया की क्या पुल का उद्घाटन ब्लॉक कांग्रेस कमेटी का कार्यक्रम है और क्या उक्त पुल का निर्माण ब्लॉक कांग्रेस कमेटी ने कराया है।

वैसे विपक्ष के सवालों पर सत्ताधारी दल के लोग इस विषय पर मौन नजर आए।

### कार्यक्रम में शासकीय कर्मचारियों की भी थी उपस्थिति,मंच संचालन भी भारतीय डाक विभाग के कर्मचारी द्वारा किया जा रहा था

कार्यक्रम जिसे जनपद उपाध्यक्ष के गुस्से से भरे उद्बोधन के पश्चात बेजवाब हुए सत्ताधारी दल के लोगों ने ब्लॉक कांग्रेस कमेटी का कार्यक्रम बताकर बचने का प्रयास किया में शासकीय अधिकारी एवम कर्मचारियों की भी उपस्थिति थी और पूरी व्यवस्था भी वही सम्हाल रहे थे जैसा सूत्रों का कहना है,वहीं कार्यक्रम को मंच से जिन्होंने ब्लॉक कांग्रेस कमेटी का कार्यक्रम बताया वह भी भारतीय डाक विभाग के कर्मचारी हैं जो लगातार मंच संचालन करते आ रहे है।

### क्या शासकीय कर्मचारियों को भीड़ बढ़ाने कार्यक्रम में बुलाया गया था?

जिस नवनिर्मित पुल के उद्घाटन कार्यक्रम में जनपद अध्यक्ष ने अपनी भड़ास सत्ताधारी दल के नेताओ और अधिकारियों एवम कर्मचारियों पर उपेक्षा को लेकर निकाली उक्त कार्यक्रम को सत्ताधारी दल ने ब्लॉक कांग्रेस कमेटी का कार्यक्रम बताकर बचने का प्रयास जरूर किया लेकिन यदि कार्यक्रम सत्ताधारी दल का था तो कर्मचारियों एवम अधिकारियों को क्या भीड़ बढ़ाने बुलाया गया था यह भी सवाल सत्ताधारी दल से विपक्ष कर रहा है।

### कर्मचारी अधिकारी खुलेआम कर रहे राजनीतिक कार्यक्रमों में शिरकत

भाजपा की पिछली सरकार और अबकी कांग्रेस सरकार में यदि एक विषय पर देखा जाए जो अधिकारियों एवम कर्मचारियों के नेतागिरी से जुड़ी हुई है तो वर्तमान सरकार में कर्मचारी अधिकारी खुल कर राजनीतिक मंच साझा कर रहें हैं और उन पर कोई भी अंकुश नहीं लगाया जा रहा है जबकि भाजपा के शासनकाल में ऐसा कम ही देखने को मिलता था। वर्तमान में शासकीय विभागों में कार्यरत लोग ही मंच संचालन कर रहें हैं और खुलेआम नेतागिरी में शामिल हो रहें हैं जैसा की कोडंगी पुल उद्घाटन में भी देखा गया जहां भारतीय डाक विभाग में कार्यरत व्यक्ति राजनेताओं के लिए कसीदे पढ़ते देखे गए और वह वैसे भी खुलेआम नेतागिरी करते हैं जैसा सूत्रों का कहना है।

# मंदिर के चोरी मामले में आरोपी को मिली सजा

- जिला का पहला मामला जो 5 माह 19 दिनों मे हुआ विचारण
- आरोपी को अलग अलग धाराओ मे सश्रम कारावास एवं अर्थ दण्ड से दण्डित किया गय






- संवाददाता -
एमसीबी 21 फरवरी 2023 (घटती-घटना)।

मनेन्द्रगढ़ हनुमान मंदिर मे मुकुट चोरी के आरोपी को अलग -अलग धाराओं मे मिला सश्रम कारावास और अर्थदंड की सजा विगत दिनों झगराखण्ड रोड स्थित हनुमान मंदिर से मुकुट चोरी कि घटना की शिकायत पार्षद नागेंद्र जायसवाल द्वारा मनेन्द्रगढ़ पुलिस थाना मे आकर दर्ज कराया था कि दिनांक 31अगस्त 2022 को छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री के आगमन मनेन्द्रगढ़ पर होना था । जिसके लिए हनुमान मंदिर के समाने स्वागत द्वार बनवाने के लिए अपने साथी नरेंद्र अरोरा के साथ जगह देखकर भगवान हनुमान जी का दर्शन करने मन्दिर के अंदर गया तो देखा कि मंदिर मे स्थित हनुमान जी के सिर मे लगा चांदी का मुकुट नही था जिसको मंदिर के आगे पीछे ढूंढने का प्रयास किया गया लेकिन मुकुट नही मिलने पर पुलिस थाना मे आकर शिकायत दर्ज कराया गया कि अज्ञात चोर मंदिर के अंदर घुस कर चुराकर ले गया है उक्त रिपोर्ट पर पुलिस थाना द्वारा अपराध क्रमांक 533/22 धारा 454, 380 भा.द.वि. का अपराध पंजिबद्ध कर विवेचना किया गया।

इस दौरान मुखबिर सूचना पर आरोपी संदेही फिरोज अंसारी को तलब कर पूछताछ किया गया तो बताया कि दिनांक 31/8/22 को मंदिर के अंदर घुस कर चोरी करना तथा उक्त चांदी के मुकुट को गोपी केवट के घर रखना तथा गोपी केवट के साथ विक्रय हेतु ग्राहक खोजना और ग्राहक नही मिलने पर गोपी केवट के घर जाकर रखना बताया जो मौके पर मेमोरेंडम कथन तैयार कर चांदी की मुकुट बरामद किया गया तथा आरोपी फिरोज अंसारी के विरुध् 454 ,380 भा द वि व गोपी केवट के विरुद्ध धारा 414 भा द वि का विचारण लंबित है वंही माननीय मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट श्रीमती एकता अग्रवाल द्वारा बहुत कम समय मे मात्र कुल 05 माह 19 दिवस मे विचारण किया गया जिसमे भा.दं.वि. की धारा 454 के आरोप में 02 वर्ष (दो वर्ष) के सश्रम कारावास और 500/- (पांच सौ रूपये) रूपये के अर्थदण्ड, भा.दं.वि. की धारा 380 के आरोप में 01 वर्ष (एक वर्ष) के सश्रम कारावासऔर 500/- (पांच सौ रूपये) रूपये के अर्थदण्ड से दण्डित किया गया । तथा उक्त प्रकारण मे शाशन की ओर से मनेन्द्रगढ़ के सहायक जिला अभियोजन अधिकारी पी सी करकेट्टा द्वारा पैरवी किया गया औ उन्होंने कहा की बहुत ही कम समय मे इस तरह के प्रकरण का निराकरण होने से अपराधियों के मन मे भय उत्पन्न होगा तथा पीड़ितों को जल्द न्याय प्राप्त होगा और अपराधों पर अंकुश लग सकेगा।

# युवा कांग्रेस कोरिया ने प्रधानमंत्री व ईडी का पुतला दहन किया

- संवाददाता -
बैकुण्ठपुर 21 फरवरी 2023 (घटती-घटना)।



जिला युवा कांग्रेस कोरिया अध्यक्ष राम सजीला यादव, जिला उपाध्यक्ष सुजीत सोनी के नेतृत्व में पटना आदर्श चौक पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं ईडी का पुतला दहन कर विरोध प्रदर्शन किया गया, यूथ कांग्रेस पदाधिकारियों ने कहा कि ईडी छत्तीसगढ़ में जबरदस्ती कार्यवाही कर सरकार के कार्यों में रोड़ा पैदा कर रही है प्रदेश में ईडी के छापे को लेकर श्री यादव ने कहा कि 24 फरवरी को छत्तीसगढ़ में आयोजित एआईसीसी के राष्ट्रीय अधिवेशन एवं प्रदेश में आगामी विधानसभा चुनाव से भयभीत होकर केंद्र की भाजपा सरकार एवं देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी प्रदेश कांग्रेस के नेताओं एवं विधायक के घर में ईडी को छापेमारी कर परेशान एवं डराने की कोशिश कर रही है, उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार अडानी जैसे देश के उद्योगपति के हाथों बिक चुकी जिसने आम जनता का पैसा घोटाला किया हो और उसको मोदी सरकार का लगातार समर्थन मिला है और उसके उपर देश के सभी जांच एजेंसीयां आंख बन्द कर बैठी है उन्होंने कहा केंद्र की भाजपा सरकार ईडी एवं सीबीआई की सहारा लेकर लोकतंत्र की हत्या करने में आमदा है जिसे युवा कांग्रेस बिल्कुल बर्दाश्त नहीं करेगी पुतला दहन के दौरान राम सजीला यादव यूथ कांग्रेस जिला अध्यक्ष, सुजीत सोनी यूथ कांग्रेस जिला उपाध्यक्ष, छविशंकर, प्रज्ञानंद, लव कुश साहू, मनमोहन, दिवाकर, शुभम तिवारी, आशीष अग्रहरी, अमन देवांगन, इनसू खान किशन तिवारी, रामकुमार यादव, फरोक, वसीम खान, गौरव अग्रवाल, अजय, अंकित चौबे तरुण, सूरज कुशवाहा, आकाश, वेदांती तिवारी जिला पंचायत उपाध्यक्ष, बिहारी लाल राजवाड़े कांग्रेस कमेटी जिला महामंत्री, सोनू राज यादव पूर्व जनपद सदस्य, विजय सिंह आदिम जाति सेवा सहकारी अध्यक्ष, अमित पांडे रईस खान सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# कोडांगी और तामडाड में पुल निर्माण कार्य का लोकार्पण कर कांग्रेसी बटोर रहे झूठी वाहवाही,पुल भाजपा सरकार की देन:रेणुका सिंह

- रवि सिंह-
बैकुण्ठपुर 21 फरवरी 2023 (घटती-घटना)।



जिला पंचायत कोरिया अध्यक्ष रेणुका सिंह ने कहा ग्राम पंचायत कोडांगी और तामडाड में पुल निर्माणकार्य का लोकार्पण कर कांग्रेसी बटोर रहे है झूठी वाहवाही, पुल भाजपा सरकार की देन है। 15 वर्ष बाद झूठी लोभ लुभावन कर कांग्रेस सरकार में तो आ गई पर निर्माण कार्य और अपने वादों को पूरी करने में सरकार हर दिशा से विफल होती जा रही है। ताजा मामला दिनाक 19/02/23 को ग्राम पंचायत कोडांगी में पुल निर्माण कार्य लोकार्पण का है भाजपा सरकार में स्वीकृत हुआ था, जिसका भूमिपूजन पूर्व कैबिनेट मंत्री भैयालाल राजवाड़े के हाथों हुआ था जिसे वर्तमान कांग्रेस सरकार अपनी उपलब्धि बता कर लोकार्पण कर अपनी वाहवाही लूट रही है। इसी बीच लोकार्पण के दौरान जनपद पंचायत अध्यक्ष श्रीमती सोनमती उर्रे के साथ जिला प्रशासन व उनकी टीम कांग्रेस सरकार की इशारे पर हमेशा जनप्रतिनिधियों को सरकारी कार्यक्रमों में नही बुलाकर दुर्व्यवहार करती है। जिससे जनपद पंचायत अध्यक्ष जी के द्वारा भरे मंच में शासन प्रशासन व कांग्रेसियों के बीच अपनी दर्द कहती नजर आई।

जिला पंचायत अध्यक्ष ने बताया कि मैं भी भाजपा से समर्थित जिला पंचायत अध्यक्ष हूं और मुझे भी अध्यक्ष के नाते जिले के जिले में होने वाले विभिन्न कार्यक्रमों में प्रोटोकाल अनुसार बुलाना चाहिए परंतु हमेशा मेरे साथ भी अपेक्षा किया जाता है। ऐसा लगता है हम लोग इस जिले के अध्यक्ष नही है इस संबंध में मेरे द्वारा मुख्य सचिव,कलेक्टर और संचालक ग्रामीण एवं पंचायत विकास विभाग को कई बार शिकायत कर चुकी हूं परंतु ऐसा लगता है जब तक कांग्रेसी सरकार है पूरे प्रदेश के साथ साथ जिले के भोली भाली जनता तरस्त है। ठीक उसी तरह प्रशासन भी पस्त है और यह सुधार तभी हो सकता है जब तक इनकी सरकार बदल नही जाती है। जिला पंचायत अध्यक्ष ने आरोप लगाते हुए बताया कि विधायक जी अपने कार्यक्रमों में आदिवासी क्षेत्र के भोले भाले जनता को भीड़ करने के लिए नाचा ,छत्तीसगढ़ी प्रोग्राम का आयोजन करते है तब जाके भीड़ जुटता है नही तो कोई इनको सुनना ही नही चाहते । इसी भीड़ में अपना लोकार्पण,भूमिपूजन कार्यक्रम रखते है। अध्यक्ष जिला पंचायत ने बताया कि मैं बहन सोनमती उर्रे जी की बात को दोहराना चाहूंगी की हमको आप मत पहचानो लेकिन पद की गरिमा को पहचानिए। इसी बीच कांग्रेस के द्वारा बताया गया की यह कार्यक्रम कांग्रेसियों का है, मैं जिला प्रशासन से पूछना चाहती हूं की कांग्रेसियों के कार्यक्रम में कब से शासकीय लोकार्पण, भूमिपूजन होने लगे,हमारी भी 15 वर्षो तक शासन रहा लेकिन कभी भी ऐसा नहीं हुआ,पद अनुरूप सभी जन प्रतिनिधियों का सम्मान के साथ स्थान दिया जाता रहा है। अब देखना है की सरकार व जिला प्रशासन इस सभी नाकामियों से कितना जल्दी सबक लेकर सुधार करती है।

# कांग्रेसी नेताओं पर ईडी की कार्यवाही से नाराज कांग्रेसियों ने पीएम का पुतला दहन कर विरोध जताया

- उपेश सिन्हा -
कुसमी,21 फरवरी 2023 (घटती-घटना)।





छत्तीसगढ़ में कांग्रेस के नेताओं पर ईडी की हो रही कार्यवाही के विरोध में कुसमी बस स्टैंड में कांग्रेसियों ने पीएम का पुतला दहन कार्यक्रम का आयोजन कर विरोध जताया है , दरसल कांग्रेसियों ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर यह जानकारी देते हुये यह आरोप लगाया है कि प्रदेश में भाजपा नेताओं के इशारे पर कांग्रेस नेताओं पर ईडी की कार्यवाही हुई है,वही युवा कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष आकाश शर्मा के निर्देशानुसार पर आज मंगलवार को सामरी युवा कांग्रेस के द्वारा पीएम का पुतला दहन कार्यक्रम कर ईडी की कार्यवाही का विरोध किया गया है। युवा कांग्रेस के मिथलेश गुप्ता के नेतृत्व में पुतला दहन कार्यक्रम का आयोजन किया गया था,वही युवा कांग्रेस के प्रदेश उपाध्यक्ष मुजस्सम नजर ने बताया कि भारत जोड़ो यात्रा तथा छत्तीसगढ़ में होने वाले राष्ट्रीय अधिवेशन से भाजपा गबरायी हुई है और नरेंद्र मोदी और भाजपा नेताओं के इसारे पर ईडी छत्तीसगढ़ के कांग्रेस नेताओ को परेशान कर रही है, पूरे प्रदेश में युवा कांग्रेस इसका विरोध कर रही है।

इस कार्यक्रम में नगर पंचायत अध्यक्ष गोवर्धन भगत, युवा कांग्रेस प्रदेश उपाध्यक्ष मुजस्सम नजर, वरिष्ठ कांग्रेसी नेता विजय गुप्ता, युका प्रदेश महासचिव पूर्णिमा सेमरिया, मंडी अध्यक्ष बालेश्वर राम, युका सामरी उपाध्यक्ष मुदस्सिर इराकी, प्रदेश सदस्य सोनू अली, एनएसयूआई सामरी अध्यक्ष राशिद आलम,संदीप निकुंज, पार्षद वाहिद अली, पार्षद ललित निकुंज, युका साथी ओसामा खान, मिथलेश गुप्ता,विक्रम गुप्ता, ससित कुजूर, इमरोज अंसारी, शमसाद आलम,मेघनाथ, मार्यानुस आदि युवा कार्यकर्ता शामिल रहे।

# शराब के नशे में व्यक्ति ने स्वयं के पेट में मारी चाकू,मौत

अंबिकापुर,21 फरवरी 2023 (घटती-घटना)।

शराब के नशे में एक व्यक्ति ने अपने ही पेट में चाकू मार ली थी। इससे वह गंभीर रूप से जख्मी हो गया था। परिजन उसे इलाज के लिए मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया था। यहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। जानकारी के अनुसार अनूप चक्रवर्ती उम्र 56 वर्ष विश्रामपुर का रहने वाला था। वह शराब पीने का आदि था। 19 फरवरी की रात को शराब पीकर घर आया और परिवार वालों के साथ विवाद करने लगा। इस दौरान गुस्से में वह स्वयं ही अपने पेट में चाकू मार ली थी। परिजन उसे इलाज के लिए विश्रामपुर अस्पताल में भर्ती करवाया। यहां प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने उसकी स्थिति को गंभीर देखते हुए उसे बेहतर इलाज के लिए अंबिकापुर मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर कर दिया। यहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई।

# नवीन जिले एमसीबी के कलेक्टर पीएस ध्रुव के आदेश पर एवं एसडीएम भरतपुर श्री मूलचंद चोपड़ा के निर्देशानुसार कोटाडोल तहसीलदार विप्लव श्रीवास्तव ने प्राथमिक शाला एवं माध्यमिक शाला स्कूल बरौता का निरीक्षण किया







ईस्नु प्रसाद यादव
मनेंद्रगढ़,21 फरवरी 2023 (घटती-घटना)।

जिले के दूरस्थ वनांचल क्षेत्र तहसील कोटाडोल तहसीलदार विप्लव श्रीवास्तव ने प्राथमिक शाला दूरस्थ क्षेत्रों में लगातार स्कूलों और शैक्षणिक संस्थाओं का निरीक्षण किया जा रहा है।

संवेदनशील कलेक्टर के द्वारा स्कूलों के सतत निरीक्षण के द्वारा शिक्षा व्यवस्था को दुरुस्त करने एवं बेहतर अध्यापन गुणवत्ता की जांच करने लगातार प्रशासनिक अमले को प्रेरित व निर्देशित किया जा रहा है इसी क्रम में तहसीलदार कोटाडोल विप्लव श्रीवास्तव के द्वारा ग्राम बरौता स्थित प्राथमिक व माध्यमिक शाला का निरीक्षण किया गया निरीक्षण के दौरान शिक्षक उपस्थित पाए गए इस दौरान कक्षा चौथी पांचवी छठवीं के बच्चों से 20 तक का पहाड़ा एबीसीडी, अक्षर ज्ञान तथा टेंस संबंधी प्रश्न पूछे गए जिनका बच्चों के द्वारा सही जवाब दिया गया. तहसीलदार विप्लव श्रीवास्तव के द्वारा बताया गया कि शिक्षा व्यवस्था को दुरुस्त करने के लिए औचक निरीक्षण और पर्यवेक्षण का कार्य आगे भी जारी रहेगा।

# स्व.केशव लाल मेहता स्मृति क्रिकेट प्रतियोगिता के अंतर्गत प्रशासन इलेवन ने एसईसीएल दीपका एवं पुलिस इलेवन ने कृषि विभाग को दी शिकस्त





- संवाददाता -
कोरबा,21 फरवरी 2023 (घटती-घटना)।

कोरबा प्रेस क्लब कोरबा द्वारा घंटाघर मैदान में आयोजित स्व. केशव लाल मेहता स्मृति क्रिकेट प्रतियोगिता 2023 के सातवें दिन दो मुकाबले हुए। पहला मुकाबला प्रशासन इलेवन और एसईसीएल दीपका के बीच खेला गया। जबकि दूसरा मुकाबला पुलिस इलेवन के साथ कृषि विभाग की टीम का हुआ। मंच पर अतिथियों के द्वारा दीप प्रज्वलन के बाद मुकाबला शुरू हुआ। दोनों ही मुकाबले रोमांचक हुए। पहले मैच में एसईसीएल दीपका की टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 12 ओवर में 2 विकेट के नुकसान पर 162 रन बनाया। उक्त लक्ष्य का पीछा करने उतरी प्रशासन इलेवन की टीम 3 विकेट के नुकसान पर आखिरी ओवर में अंतिम 2 गेंद रहते हुए लक्ष्य को हासिल कर मैच जीत गई। दूसरे मैच में पुलिस इलेवन की टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 7 विकेट के नुकसान पर 165 रन बनाया। लक्ष्य का पीछा करने उतरी कृषि विभाग की टीम की शुरुआत मजबूत रही। लेकिन जैसे-जैसे ओवर बढ़ते गए विकेट गिरने के साथ ही दबाव बढ़ता गया आखिर में टीम 7 विकेट पर 68 रन ही बना सकी। इस तरह पुलिस इलेवन ने 97 रन से मैच जीत लिया। प्रतियोगिता में अतिथि के रूप में अपर कलेक्टर विजेंद्र पाटले, जिला पंचायत सीईओ नूतन कुमार कंवर, एसडीएम सुश्री सीमा पात्रे, डिप्टी कलेक्टर रुचि शार्दूल ,सपा के प्रदेश अध्यक्ष तनवीर अहमद व समाज सेवा बीके वेलफेयर सोसायटी के हरबीर सिंह होरा उपस्थित रहे। वहीं दूसरे मैच के अतिथि दर्री सीएसपी रॉबिनसन गुड़िया, कृषि विभाग के डिप्टी डायरेक्टर श्री अजय अनंत, साइबर सेल प्रभारी निरीक्षक सनत सोनवानी उपस्थित रहे। कोरबा प्रेस क्लब द्वारा सभी अतिथियों को स्मृति चिन्ह भेंट कर उनका अभिवादन किया गया।



## तेंदूपत्ता से भरी ट्रक में आग लगने से तेंदूपत्ता सहित ट्रक जलकर राख

कोरबा, 21 फरवरी 2023 (घटती-घटना)।

पेंड्रा से कोरबा जिले में आया तेंदूपत्ता लदा ट्रक आग की लपटों से घिर गया। चंद मिनटों में तेंदूपत्ता सहित ट्रक जलकर राख हो गई। मंगलवार दोपहर पसान- कटघोरा मार्ग में ग्राम बिंझरा के निकट हुई। ट्रक में एकाएक आग लगने की जानकारी होते ही चालक ने खुद को सुरक्षित किया। देखते ही देखते ट्रक चारो ओर से आग की लपटों में घिर जाने से पूरी तरह से जल गई। सूचना मिलने पर अग्निशमन वाहन ने यहां पहुंचकर किसी तरह आग पर काबू पाया। स्थानीय पुलिस भी मौके पर पहुंच चुकी थी। आग किस कारण से लगी इसकी जांच पुलिस द्वारा की जा रही है।

# कलेक्टर ने एयरपोर्ट उन्नयन कार्य का किया निरीक्षण



### गुणवत्ता पर विशेष ध्यान रखने के निर्देश

- संवाददाता -
अंबिकापुर,21 फरवरी 2023 (घटती-घटना)। कलेक्टर श्री कुन्दन कुमार मंगलवार को देर शाम दरिमा में मा महामाया एयरपोर्ट उन्नयन कार्य की प्रगति का निरीक्षण किया। उन्होंने रन-वे सहित अन्य कार्यों में गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखने के निर्देश अधिकारियों को दिए।

कलेक्टर ने रन-वे को एयरपोर्ट ऑथॉरिटी के मानक अनुसार फाइनल लेयर तक सुदृढ व लेवल करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि अगले कुछ दिन में एयरपोर्ट ऑथॉरिटी की टीम निरीक्षण में आने वाली है। टीम के आने से पहले सभी निर्माण कार्य गुणवत्ता के साथ पूरा हो जाना चाहिए। वर्तमान में एयरपोर्ट उन्नयन का कार्य तेजी से किया जा रहा है। रात में भी कार्य चल रहा है। लेबर संख्या बढ़ा दी गई है।

इस दौरान जिला पंचायत सीईओ श्री विश्वदीप सहित लोक निर्माण विभाग के अधिकारी मौजूद थे।

## भाजपा ने आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं एवं सहायिका संघ के 9 सुत्रीय मांग का समर्थन किया

- उपेश सिन्हा-
कुसमी,21 फरवरी 2023 (घटती-घटना)।

ब्लाक मुख्यालय के दुर्गा चौक में विगत 9 फरवरी से 2023 से आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिका संघ के द्वारा सरकार से 9 सुत्रीय मांग सहित अन्य मांगों को लेकर धरना प्रदर्शन किया जा रहा है ,वही आज मंगलवार को भाजपा मंडल अध्यक्ष सजंय जायसवाल के नेतृत्व में भाजपा के पदाधिकारी और कार्यकर्ताओं धरना स्थल पहुँचकर आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं



मांग को लेकर धरने पर बैठे है आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं संघ की महिलाओं की 9 सुत्रीय मांग में से आंगनबाड़ी कर्मियों को शासकीय कर्मचारी घोषित करने की मांग के साथ साथ आंगनबाड़ी कर्मियों को जबतक शासकीय कर्मचारी घोषित नही करने तक राष्ट्रीय न्यूनतम वेतन देने की मांग,आंगनबाड़ी कर्मियों को 9 माह के एरियस भुगतान जल्द कर आंगनबाड़ी कर्मियो के खाते में करने की मांग और आंगनबाड़ी कर्मियों की सेवानिरवृति में 5 लाख देने की सहायिका संघ के मांगो का समर्थन दिया,समर्थन कार्यक्रम प्रदेश कार्य समिति के सदस्य भरत सेन सिंह,जिला उपाध्यक्ष आनन्द जायसवाल,मंडल महामंत्री बालेश्वर नायक,भाजपा नेता विजय भगत ,कृष्ण मुरारी सोनी,जिला पंचायत सदस्य हीरामुनी निकुंज,इंद्रदेव निकुंज,नगर पंचायत नेता प्रतिपक्ष सोमनाथ भगत,पारस पाल,पिछड़ा वर्ग जिला महामंत्री दिलीप गुप्ता,दुर्गा प्रसाद,सुनील नाग सहित अन्य कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी गण शामिल हुये।



# महापौर श्री प्रसाद ने अधिकारियों के साथ निगम के वार्डो का किया भ्रमण

कोरबा,21 फरवरी 2023 (घटती-घटना)।

महापौर राजकिशोर प्रसाद ने अधिकारियों के साथ निगम के वार्ड क्र. 01, 02 एवं 23 का भ्रमण किया, उन्होने स्वच्छता कार्यो का निरीक्षण किया, वार्डवासियों से भेंट की, उनकी समस्याओं का जाना तथा नियमित रूप से साफ-सफाई करने, कचरे का तुरंत उठाव व परिवहन करने व सफाई कार्य को और अधिक बेहतर बनाने के संबंध में अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने नालियों के स्लैब हटवाकर जायजा भी लिया कि नालियों में कचरे का जमाव तो नहीं है तथा इसके कारण पानी के बहाव में अवरोध तो उपस्थित नहीं हो रहा है।महापौर श्री प्रसाद नगर पालिक निगम कोरबा के वार्ड क्र. 01 लक्ष्मीनारायण मंदिर, वार्ड क्र. 02 लालूराम कालोनी, नया बस स्टैण्ड, प्रेस काम्पलेक्स टी.पी.नगर एवं वार्ड क्र. 23 रविशंकर नगर कपिलेश्वर मंदिर स्थित विभिन्न बस्तियों व मोहल्लों का अधिकारियों के साथ भ्रमण किया। इस दौरान उन्होने वार्ड के नागरिकों से भेंट की, उनकी समस्याओं को जाना तथा निराकरण के संबंध में अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इस अवसर पर महापौर श्री प्रसाद ने बस्तियों में निगम द्वारा कराए जा रहे साफ-सफाई कार्यो का सघन रूप से निरीक्षण किया, नालियों का अवलोकन किया तथा निर्धारित मापदण्ड के अनुरूप नियमित रूप से साफ-सफाई करने के निर्देश देते हुए कहा कि नालियों में कचरे का जमाव न हों, पानी का प्रवाह अवरूद्ध न हो, इस हेतु नालियों की नियमित सफाई की जाए। महापौर श्री प्रसाद ने बस्तियों, कॉलोनियों की विभिन्न नालियों के ऊपर ढकी स्लैब को उठवाकर नालियों की स्वच्छता का जायजा लिया कि ढकी नालियों में कहीं कचरे का जमाव तो नहीं है तथा पानी के बहाव में अवरोध तो उत्पन्न नहीं हो रहा है। उन्होने कहा कि सफाई कार्यो के दौरान उत्सर्जित कचरे व मलवे का स्थल से तुरंत उठाव करते हुए उसका परिवहन सुनिश्चित कराया जाए ताकि उत्सर्जित कचरा स्थल पर ज्यादा देर तक पड़ा न रहे। महापौर श्री प्रसाद ने वार्डो के नागरिकों से भेंट की, उनकी संबंधी आवश्यकताओं के साथ-साथ साफ-सफाई व्यवस्था, पेयजल आपूर्ति व्यवस्था, स्ट्रीट लाइट व्यवस्था आदि पर चर्चा की तथा इनसे संबंधित किसी भी प्रकार की समस्या होने पर उन्हें तुरंत अवगत कराने का आग्रह किया तथा समस्याओं के यथा समय निराकरण के संबंध में अधिकारियों का मार्गदर्शन किया।



## सर्वमंगला पुल से युवक ने लगाई छलांग हुआ गंभीर रूप से घायल

कोरबा,21 फरवरी 2023 (घटती-घटना)।

कोतवाली थानांतर्गत सर्वमंगला पुल के पास उस वक्त सनसनी फैल गई जब आत्महत्या करने के ईरादे से एक युवक नीचे कूद गया। 50 फिट की उंचाई से नीचे कूदने के कारण युवक गंभीर रुप से घायल हो गया द्व बेहोसी की हालत में उसकी पहचान नहीं हो सकी है । आस पास के लोगों ने उसे पुल से कूदते हुए देखा जिसके बाद मौके पर लोगों का हुजूम उमड़ पड़ा। युवक को जैसे-तैसे पानी से निकालकर लोगों ने डायल 112 को सूचना दी जिसके बाद मदद के लिए आपातकालीन टीम मौके पर पहुंची और युवक को मेडिकल कॉलेज जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। युवक के होश में आने के बाद उसकी पहचान के साथ ही पुल से नीचे कूदने के कारणों का पता चल सकेगा।

## सर्पदंश से युवक की मौत

- संवाददाता -
अंबिकापुर,21 फरवरी 2023 (घटती-घटना)।

सिंचाई करने के दौरान एक युवक सर्पदंश का शिकार हो गया था। परिजन उसे इलाज के लिए मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया। यहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। जानकारी के अनुसार संदीप प्रजापति झारखंड के गढ़वा जिले का रहने वाला था। वह 20 फरवरी को खेत में सिंचाई कर रहा था। इस दौरान वह अचानक बेहोश होकर गिर गया। सूचना पर परिजन पहुंचे तो पता चला की उसके दाएं पैर में सांप काटने का निशान है। परिजन उसे इलाज के लिए बलरामपुर अस्पताल में भर्ती कराया। यहां उसकी स्थिति को गंभीर देखते हुए उसे बेहतर इलाज के लिए अंबिकापुर मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर कर दिया। यहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई।

## 10 दिन का अतिरिक्त अर्जित अवकाश आदेश जारी,सर्व शिक्षक ने डीईओ को दिया धन्यवाद

कोरबा, 21 फरवरी 2023 (घटती-घटना)।

सर्व शिक्षक संघ कोरबा ने दिनांक 06/02/2023 को जिला शिक्षा अधिकारी कोरबा से 10 दिवसीय विशेष अवकाश के लिए एक प्रतिनिधिमंडल विपिन यादव प्रदेश महासचिव के नेतृत्व में मिला एवं राज्य शासन का आदेश प्रस्तुत कर 10 दिन के विशेष अर्जित अवकाश आदेश जारी करने हेतु निवेदन किया था। जिसे जिला शिक्षा अधिकारी कोरबा द्वारा तत्काल संज्ञान में लेते हुए त्वरित कार्यवाही करते हुए दिनांक 20/02/2023 को आदेश जारी किया। जिससे जिले में शिक्षा विभाग के सभी कर्मचारियों एवं अधिकारियों हेतु अनुसूचित क्षेत्र में कार्य करने हेतु 10 दिवस का विशेष अर्जित अवकाश का लाभ प्राप्त होगा।इसके लिए सर्व शिक्षक संघ कोरबा के प्रदेश महासचिव विपिन यादव, जिला संयोजक मुकुंद उपाध्याय, जिला अध्यक्ष कृति लहरे, कार्यकारी जिलाध्यक्ष विनय शुक्ला, महासचिव जय कुमार राठौर, कोषाध्यक्ष बबलू यादव, ब्लॉक अध्यक्ष (कोरबा) मनोज लहरे, ब्लॉक अध्यक्ष (कटघोरा) संतोष थवाईत कार्यकारी सदस्य ब्यास नारायन पटेल आदि सदस्यों ने मिलकर जिला शिक्षा अधिकारी को धन्यवाद ज्ञापित किया।

# दिव्यांग द्वारा जनदर्शन में आवेदन पत्र देने से पहले ही प्रदान किया गया मोटराइज्ड ट्रायसिकल

- संवाददाता -
कोरबा,21 फरवरी 2023 (घटती-घटना)।

कोरबा कलेक्ट्रेट में जनदर्शन के दौरान मुड़ापार निवासी सुनीता चौहान जो की दोनों पैरों से दिव्यांग है अपने सहयोगियों के साथ ज़मीन में घसीटकर चलते हुए जनदर्शन में कलेक्टर को आवेदन पत्र देकर मोटराइज्ड ट्रायसिकल की मांग करने पहुंची थी द्व असहाय दिव्यांग सुनीता को देखकर जनदर्शन में टोकन देने बैठे कर्मचारियों ने समाज कल्याण विभाग को फोन पर जानकारी दी, जिसके तुरंत बाद समाज कल्याण विभाग ने तत्काल सुनीता को मोटराइज्ड ट्रायसिकल की व्यवस्था कर ट्रायसिकल प्रदान किया सुनीता ने बताया कि 05 वर्ष पहले उन्हें हाथ चलित ट्रायसिकल मिला था ,जो कि अब चलाने लायक नही है, उन्हें इससे तखलीक़ होती थी द्व अब मोटराइज्ड ट्रायसिकल मिल जाने से उनको राहत मिली है द्व उन्होंने मोटराइज्ड ट्रायसिकल के लिए प्रशासन का धन्यवाद किया।



**नाम परिवर्तन सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मैं पुराना नाम Anchal Agrawal पिता/पति Krishna Kumar Agrawal अपना पुराना नाम को बदलकर नया नाम Anchal Kumar Agrawal पिता/पति Krishna Kumar Agrawal निवासी/पता Ward No.16 Nawapara Ambikapur Surguja (C.G.) रख लिया हूं अतः अब मुझे भविष्य में समस्त शासकीय,अर्द्धशासकीय व अन्य दस्तावेजों में नया नाम Anchal Kumar Agrawal पिता/पति Krishna Kumar Agrawal से जाना एवं पहचाना जाए।

शपथकर्ता
नाम Anchal Kumar Agrawal
पता Ward No.16 Nawapara Ambikapur Surguja (C.G.)

**न्यायालय तहसीलदार लखनपुर जिला सरगुजा (छ0ग0)**

**ईश्तहार**

लखनपुर,दिनांक 28/12 /2022

प्रति,
समस्त ग्रामवासी
ग्रामः-पोतका
तहसीलः-लखनपुर

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक/आवेदिका हुलास सिरदार आ0 स्व0 अकीलसाय सिरदार निवासी ग्राम पोतका तहसील लखनपुर के द्वारा अपने (पिता) स्व0 अकिलसाय सिरदार की मृत्यु दिनांक 15/12/2012 को हो जाने से (जन्म/मृत्यु रजिस्ट्रीकरण अधिनियम 1969 की धारा13(3) एवं छ0ग0 जन्म मृत्यु रिज0 नियम 2001 के नियम 9(3) के तहत मृत्यु प्रमाण पत्र हेतु आवेदन इस न्यायालय में प्रस्तुत किया है। जिस पर दिनांक 25/02/2023 को सुनवाई की जानी है।

आवेदक/आवेदिका के द्वारा प्रस्तुत आवेदन पत्र यदि किसी को कोई आपत्ति हो तो वह स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से पेशी तिथि 25/02/2023 के पूर्व इस न्यायालय में आपत्ति पेश कर सकता है। नियत तिथि के पश्चात प्राप्त होने वाले दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

सील
तहसीलदार
लखनपुर, जिला-सरगुजा(छ0ग0)

**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा)खड़गवां जिला मनेन्द्रगढ़ चिरमिरी भरतपुर (छ0ग0)**

**//उद्घोषणा//**

रा0प्र0क्रं0/202206011700115/अ-6-अ/2022-23

एतद् द्वारा सर्व साधारण ग्राम खड़गवां तहसील खड़गवां जिला मनेन्द्रगढ़ चिरमिरी भरतपुर(छ0ग0) के ग्रामवासियों को सूचित किया जाता है कि आवेदक बाबूलाल आ0 सुमेर सिंह जाति गोंड़ निवासी ग्राम खड़गवां थाना व तहसील खड़गवां जिला मनेन्द्रगढ़ चिरमिरी भरतपुर(छ0ग0) के द्वारा ग्राम खड़गवां में स्थित भूमि खसरा नम्बर. 787/2 रकबा1.50 एकड़/0.607 हे0 का नया खसरा नम्बर1341 रकबा 0.72 हे0 भूमि को उसके मामा से दान में प्राप्त हुआ था तब से आवेदक काबिज था बाद में अनावेदकगण 01.रामलाल आ0 सुमेर, 02.भैयालाल आ0 सुमेर, 03.रंगलाल आ0 सुमेर सभी जाति गोंड़ निवासी ग्राम खड़गवां तहसील खड़गवां जिला मनेन्द्रगढ़ चिरमिरी भरतपुर (छ0ग0) का नाम बिना स्वत्व उत्पन्न हुए राजस्व अभिलेखों में सह खातेदार के रूप में दर्ज हो गया है। वादभूमि पुराना खसरा नम्बर 787/2 रकबा 1.50 एकड़/0.607 हे0 का नया खसरा नम्बर 1341 रकबा 0.72 हे0 में अनावेदकगण के नाम की गलत प्रविष्टि को शुद्ध करते हुए अनावेदकगण का नाम विलोपित कर आवेदक का नाम यथावत दर्ज रखे जाने का आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है जो इस न्यायालय में विचाराधीन है।

अतएव उक्त संबंध में ग्राम के किसी भी व्यक्ति या हितबद्ध पक्षकार को कोई आपत्ति हो तो वह स्वयं अथवा अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर इस न्यायालय में दिनांक 27/02/2023 को सायं 5:00 बजे तक अपना आपत्ति पेश कर सकते हैं, निर्धारित समयावधि के बाद प्राप्त आपत्तियों पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 13/02/2023 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के पदमुद्रा के अधीन जारी।

सील
अनुविभागीय अधिकारी(रा0)
खड़गवां
जिला-मनेन्द्रगढ़ चिरमिरी भरतपुर (छ0ग0)

**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा)खड़गवां जिला मनेन्द्रगढ़ चिरमिरी भरतपुर (छ0ग0)**

**//उद्घोषणा//**

रा0प्र0क्रं0/08/अ-6-अ/2022-23

एतद् द्वारा सर्व साधारण ग्राम मझौली तहसील खड़गवां जिला मनेन्द्रगढ़ चिरमिरी भरतपुर(छ0ग0) के ग्रामवासियों को सूचित किया जाता है कि आवेदिकागण 01अनिता पुत्री स्व0 चन्द्रभान सिंह, 02 सुनीता पुत्री स्व0 चन्द्रभान सिंह दोनों जाति गोंड़ निवासी ग्राम मझौली तहसील खड़गवां जिला मनेन्द्रगढ़ चिरमिरी भरतपुर(छ0ग0) के द्वारा आवेदन पत्र अन्तर्गत धारा 115 छ0ग0 भू-राजस्व संहिता के तहत आवेदकगण 01. त्रिभुवन सिंह आ0 स्व0 चन्द्रभान सिंह, 02. भईयाराम आ0 स्व0 चन्द्रभान सिंह, 03. रामबाई बेवा स्व0 चन्द्रभान सिंह सभी जाति गोंड़ निवासी ग्राम मझौली तहसील खड़गवां जिला मनेन्द्रगढ़ चिरमिरी भरतपुर (छ0ग0) के विरूद्ध प्रस्तुत कर निवेदन किया है कि ग्राम मझौली में स्थित भूमि खसरा नं. 184/3,244/2, 477/1, 493/4 कुल किता 04 कुल रकबा1.69 हे0 भूमि राजस्व अभिलेखों में आवेदिकागण एवं अनावेदकगण के सम्मिलात खाते के रूप में दर्ज है। सम्मिलात खाते के राजस्व अभिलेख में आवेदिका क्रमांक 01 का घरेलू एवं पुकारू नाम गीता दर्ज हो गया है। जबकि आवेदिका क्रमांक 01 का वास्तविक एवं सही नाम अनिता है। इसी प्रकार आवेदिका क्रमांक 02 का घरेलू एवं पुकारू नाम गुड़िया दर्ज हो गया है जबकि आवेदिका क्रमांक 02 का वास्तविक एवं सही नाम सुनीता है। आवेदिकागण राजस्व अभिलेख में अपने त्रुटिपूर्ण नाम को सुधार कराकर वास्तविक एवं सही नाम दर्ज किए जाने का निवेदन किया है। जो इस न्यायालय में विचाराधीन है।

अतएव उक्त संबंध में ग्राम के किसी भी व्यक्ति या हितबद्ध पक्षकार को कोई आपत्ति हो तो वह स्वयं अथवा अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर इस न्यायालय में दिनांक 06/03/2023 को सायं 5:00 बजे तक अपना आपत्ति पेश कर सकते हैं, निर्धारित समयावधि के बाद प्राप्त आपत्तियों पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 13/02/2023 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के पदमुद्रा के अधीन जारी।

सील
अनुविभागीय अधिकारी(रा0)
खड़गवां
जिला-मनेन्द्रगढ़ चिरमिरी भरतपुर (छ0ग0)

# वर्ल्ड कप में इंडिया की लेडी गांगुली ने जिताया मैचःकरियर बेस्ट पारी में मंधाना ने जमाए दादा जैसे चौके-छक्के,87 रन बनाए

**केबेरा, 21 फरवरी 2023।** भारतीय टीम साउथ अफ्रीका में चल रहे विमेंस टी-20 वर्ल्ड कप के सेमीफाइनल में प्रवेश कर गई है। टीम ने सोमवार को आयरलैंड को डकवर्थ लुईस मैथड के तहत 5 रन से हराया। भारतीय टीम की ओर से टॉप ऑर्डर बैटर स्मृति मंधाना ने करियर बेस्ट पारी खेली। इस पारी ने भारतीय फैंस को पूर्व कप्तान सौरव गांगुली की याद दिला दी। 84 मिनट की पारी में मंधाना ने गांगुली की स्टाइल में चौके-छक्के जमाए।

ICC ने मंधाना की पारी का वीडियो अपने इंस्टा अकाउंट में पोस्ट किया है। मंगलवार को पोस्ट इस वीडियो को सोशल मीडिया में खूब पसंद किया जा रहा है।

मंधाना के वीडियो को डेढ़ लाख से ज्यादा लोग देख चुके हैं। फैंस इस पर मजेदार कमेंट भी कर रहे हैं। इस वीडियो में गांगुली की पारी के पुराने वीडियो को मंधाना की बैटिंग के वीडियो के साथ क्लब किया गया है, जिससे वीडियों में दोनों के शॉट्स देखे जा सकते हैं।

### 9 चौके और 3 छक्के जमाए

केबेरा के सेंट जॉर्जिया मैदान पर हुए इस मैच में स्मृति मंधाना ने 87 रन बनाए। 56 गेंदों की पारी में मंधाना ने 9 चौके और तीन छक्के जमाए। उन्होंने 155.35 के स्ट्राइक रेट से रन बनाए।

### इस पारी से टूर्नामेंट की टॉप स्कोरर बनीं

भारतीय टीम की उपकप्तान स्मृति मंधाना अपनी इस पारी की मदद से वर्ल्ड कप के मौजूदा सीजन में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाजों की सूची में टॉप पर आ गई हैं। उनके बल्ले से पिछले चार मैचों में 149 रन आ चुके हैं। इसमें दो अर्धशतक भी शामिल हैं।



### 3 दिन पहले RCB की कप्तान बनीं

स्मृति मंधाना तीन दिन पहले WPL फ्रेंचाइजी RCB की कप्तान बनाई गई हैं। शनिवार सुबह फ्रेंचाइजी के पूर्व कप्तान विराट कोहली और वर्तमान कप्तान फाफ डुप्लेसी ने मंधाना को कप्तान बनाए जाने का ऐलान किया। पढ़ें पूरी खबर

### WPL ऑक्शन में सबसे महंगी बिकी

WPL ऑक्शन में स्मृति मंधाना सबसे महंगी रहीं। उन्हें रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने 3.40 करोड़ रुपए में खरीदा। उनके अलावा टीम ने रेणुका सिंह , सोफी डिवाइन, एलीस पेरी और रिचा घोष को भी खरीदा। ऑस्ट्रेलिया की एश्ले गार्डनर और इंग्लैंड की नेटली सीवर ब्रंट सबसे महंगी विदेशी खिलाड़ी रहीं। दोनों को 3.20 करोड़ रुपए में खरीदा गया।




# मैं चुपचाप बाथरूम में जाकर कई बार रोया, के एल राहूल के खराब फॉर्म पर पूर्व भारतीय क्रिकेटर ने सुनाई आपबीती



**नई दिल्ली, 21 फरवरी 2023।** भारतीय टीम के ओपनर केएल राहुल इस समय बुरे दौर से गुजर रहे हैं। वो पहले चोटों के कारण कई मैच नहीं खेल सके। राहुल खराब फॉर्म के कारण टेस्ट टीम से बाहर हुए, लेकिन उन्होंने वनडे को छोड़कर अन्य प्रारूपों में एकसाथ ऐसा खराब दौर नहीं देखा था।

राहुल ने टी20 इंटरनेशनल प्रारूप में लगातार खराब प्रदर्शन के चलते उप-कप्तानी गंवाई। पिछली 10 टेस्ट पारियों में राहुल ने 8, 12, 10, 22, 23, 10, 2, 20, 17 और 1 रन बनाए। इसके कारण टेस्ट से भी राहुल से उप-कप्तानी छीन ली गई। कयास लगाए जा रहे हैं कि ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के अगले दो मैचों में राहुल को टीम से बाहर किया जा सकता है।

### राहुल एक पारी के कारण बाहर नहीं होंगे

केएल राहुल के साथ काफी क्रिकेट खेल चुके दिनेश कार्तिक ने कहा कि उन्हें ओपनर के लिए बुरा लग रहा है। राहुल दिल्ली टेस्ट में दूसरी पारी में केवल 1 रन बनाकर आउट हो गए थे। उन्होंने कुछ गलत नहीं किया था। उन्होंने बैक ऑफ द लेंथ की गेंद को फ्लिक किया, लेकिन फॉरवर्ड शॉर्ट लेग पर मौजूद पीटर हैंड्सकोंब के पैड से टकराकर गेंद हवा में गई और विकेटकीपर एलेक्स कैरी ने आसान कैच पकड़ा।

कार्तिक ने कहा कि 1 मार्च से इंदौर में शुरू होने वाले टेस्ट से अगर राहुल बाहर हुए तो इस एक बार आउट होने के कारण नहीं बल्कि पिछले साल दक्षिण अफ्रीका सीरीज से लगातार फ्लॉप होने के कारण होंगे।

क्रिकबज से बातचीत करते हुए कार्तिक ने कहा, %राहुल भी यह बात जानते हैं कि अगर अगले मैच में टीम से बाहर हुए तो एक पारी के कारण नहीं होंगे। यह इसलिए होगा क्योंकि पिछले पांच-छह टेस्ट में वो रन बनाने में नाकाम रहे हैं। वो क्लास खिलाड़ी हैं। वो सभी प्रारूपों में शानदार हैं। इस समय मुझे नहीं लगता कि तकनीक में खामी है, यहां कानाफूसी ज्यादा है। उन्हें शायद कुछ समय खेल से दूर रहने की जरुरत है। वनडे के लिए तरोताजा होकर लौटें।

# कैसे किया जाए जडेजा-अश्विन का सामना? पूर्व ऑस्ट्रेलियाई कप्तान ने खड़े किए हाथ

**नई दिल्ली, 21 फरवरी 2023।** बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी 2023 के शुरुआती दो टेस्ट मैचों को भारतीय टीम ने अपने नाम हासिल कर लिया है। बता दें कि दिल्ली के अरुण जेटली स्टेडियम में खेले गए दूसरे टेस्ट मैच में टीम इंडिया को 6 विकेट से शानदार जीत मिली, जिसमें रवींद्र जडेजा और आर अश्विन ने कमाल का प्रदर्शन किया।

दूसरे टेस्ट में जडेजा ने कुल 10 विकेट चटकाए और कंगारू टीम के बल्लेबाजों को टिकने नहीं दिया। ऐसे में इंदौर में खेले जाने वाले तीसरे टेस्ट मैच से पहले ऑस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान एलन बॉर्डर से जब यह सवाल किया गया कि कंगारू टीम को तीसरे टेस्ट में भारतीय स्पिनर्स के सामने किस रणनीति के साथ उतरना चाहिए तो वह इस सवाल का जवाब नहीं दे पाए। उन्होंने इस दौरान क्या कहा आइये जानते है?

दरअसल, बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी में भारतीय टीम 2-0 से आगे है। पहले नागपुर और फिर दिल्ली में ऑस्ट्रेलिया टीम ने जिस तरह से प्रदर्शन किया, उसे देखकर ऑस्ट्रेलियाई दिग्गज एलन बॉर्डर से जब यह सवाल किया गया कि इंदौर में खेले जाने वाले तीसरे टेस्ट मैच में कंगारू टीम को भारतीय स्पिनर्स के खिलाफ क्या प्लॉन के साथ उतरना चाहिए, तो इस दौरान एलन के पास भी बोलने के लिए शब्द नहीं रहे।



उन्होंने इस दौरान कहा, मुझे बल्लेबाजों के लिए बुरा लग रहा है क्योंकि, आप काम पर सीख रहे हैं और इस तरह की गेंदबाजी का सामना कर रहे हैं। यह कठिन है और मुझे नहीं पता कि अब इस सवाल का जवाब क्या दिया जाएगा।

**एलन बॉर्डर ने पैट कमिंस की कप्तानी पर खड़े किए सवाल-** बता दें कि दिल्ली टेस्ट में ऑस्ट्रेलिया टीम के कप्तान पैट कमिंस पहली पारी में केवल 13 ओवर फेंके थे, वहीं दूसरी पारी में उन्होंने गेंदबाजी ही नहीं की। इस कड़ी में एलन बॉर्डर ने पैट कमिंस को लेकर सवाल खड़े किए है। उन्होंने कहा है कि उन्हें अधिक गेंदबाजी करनी चाहिए थी। बॉर्डर ने कहा कि भारत की पहली पारी में जब हमने उन्हें दबाव में डाला था और उन्होंने अच्छी साझेदारी कर ली थी। उस समय कमिंस 2-3 ओवर फेंककर उन्हें रोक सकते थे।



# क्रॉप टॉप में अवनीत कौर की खूबसूरती देखकर फैंस हुए बेताब, तस्वीरों पर यूजर्स लुटा रहे प्यार

टीवी एक्ट्रेस अवनीत कौर सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहती हैं। उनकी तस्वीरें सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल होती हैं। वहीं, उनकी अब तक सबसे हॉट तस्वीरें इंटरनेट पर जलवा बिखेर रही हैं। डीपनेक आउटफिट में एक्ट्रेस गजब की बला नजर आ रही हैं। एक्ट्रेस अवनीत कौर स्काई ब्लू कलर के क्रॉप टॉप में नजर आ रही हैं। साथ ही डेनिम जींस को पहन रखा है। शोख अदाओं के साथ एक्ट्रेस अवनीत कौर अपनी ग्लैमरस अदाओं से फैंस के दिलों पर कहर बरपा रहे हैं। अवनीत कौर बेहद ही सिजलिंग नजर आ रही हैं, उनकी कातिलाना तस्वीरें फैंस को काफी पसंद आती हैं। एक्ट्रेस अवनीत कौर हर लुक में अपनी बोल्डनेस का जलवा बिखेरती रहती हैं, उनकी तस्वीरें फैंस के दिलों पर बिजलियां गिराती हैं। अवनीत कौर जल्द ही लीजेंड एक्टर नवाजुद्दीन सिद्दीकी के साथ फिल्म 'टीकू वेड्स शेरू' फिल्म में दिखाई देंगी। एक्ट्रेस अवनीत कौर सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहती हैं। बता दें कि एक्ट्रेस के इंस्टा पर 32.8 मिलियन फॉलोवर्स हैं। एक्ट्रेस सोशल मीडिया पर अपने फैंस के लिए लगातार वीडियो या फोटो शेयर करती रहती हैं। अवनीत जब भी अपनी तस्वीरें इंस्टा पर शेयर करती हैं तो फैंस उनकी तस्वीरों पर जमकर लाइक करते हैं। साथ ही कॉमेंट्स के साथ रिएक्शंस भी देते हैं। अवनीत कौर सोशल मीडिया पर निजी और प्रोफेशनल पलों को साझा करती रहती हैं।

# इन कार के पोस्टर में बंदूक की नोक पर ऋतिका सिंह

आगामी थ्रिलर फिल्म इन कार के निमार्ताओं ने गुरुवार को फिल्म के पहले पोस्टर का अनावरण किया। फिल्म, जिसमें राष्ट्रीय पुरस्कार विजेता अभिनेत्री ऋ तिका सिंह हैं, सच्ची घटनाओं पर आधारित है और यह एक कॉलेज गर्ल की जीवन यात्रा को दिखाती है कि कैसे और किन परिस्थितियों में वो जिंदा रहने के लिए संघर्ष करती है।



दिलचस्प पोस्टर में ऋतिका सिंह, मनीष झांझोलिया, संदीप गोयत, सुनील सोनी और ज्ञान प्रकाश हैं। ऋतिका को एक कार के अंदर बैठे दिखाया गया है जिसमें उसके चेहरे पर चोट के निशान हैं। उसे बंदूक की नोक पर पकड़ कर रखा गया है। 2013 में अपने अभिनय करियर की शुरूआत करने वाली ऋतिका को निर्देशक सुधा कोंगारा प्रसाद ने सुपर फाइट लीग के एक विज्ञापन में देखा था।

अभिनेत्री ने बाद में द्विभाषी फिल्म साला खड़ूस में प्रमुख भूमिका निभाने के लिए ऑडिशन दिया, जिसमें आर. माधवन भी थे। राज कुंद्रा के माध्यम से निमार्ताओं ने उनसे संपर्क किया और फिर फिल्म में उन्हें कास्ट किया। इन कार का निर्देशन और लेखन हर्षवर्धन ने किया है। इनबॉक्स पिक्च र्स द्वारा प्रस्तुत और अंजुम कुरैशी और साजिद कुरैशी द्वारा निर्मित, यह फिल्म 3 मार्च, 2023 को सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है। फिल्म हिंदी, तेलुगु, तमिल, कन्नड़ और मलयालम में रिलीज होगी।



# सान्वी तलवार की 3 साल बाद टीवी पर वापसी

अभिनेत्री सान्वी तलवार तीन साल के अंतराल के बाद अली बाबाः दास्तान-ए-काबुल शो के साथ टीवी पर वापसी कर रही हैं। अभिनेत्री को ओ गुजरिया, ये कहां आ गए हम, विक्रम बेताल की रहस्य गाथा, सूफियाना प्यार मेरा, कबूल है और कई अन्य शो में उनकी भूमिकाओं के लिए जाना जाता है। उनका आखिरी शो चंद्र नंदिनी था। काम से अपने ब्रेक के बारे में बात करते हुए, सान्वी ने कहाः अपने आखिरी शो के बाद मैंने थिएटर करने के लिए ब्रेक लेने का फैसला किया। मैं हमेशा से थिएटर करना चाहती थी और मैं कभी भी किसी एक्टिंग स्कूल में नहीं गई और न ही प्रशिक्षण लिया। इसलिए आखिरकार, जब मुझे मौका मिला मैंने लोकप्रिय थिएटर अकादमी, स्टेला एडलर एक्टिंग थिएटर के लिए आवेदन किया, जो कि यूएसए में 75 साल पुरानी थिएटर अकादमी है।

उन्होंने कहा- मेरा मानना है कि हमारे जीवन में हर चीज का विशेष महत्व है, इसलिए जब जीवन आपको कुछ नया सीखने का मौका देता है, तो आपको इसे लेना चाहिए। मेरे जीवन के ये तीन साल निश्चित रूप से मेरे लिए फलदायी रहे हैं और मैं इससे खुश हूं।

अपनी वापसी के बारे में सान्वी ने कहाः काम से तीन साल के विश्राम के बाद, मैं फ्रेम में वापस आ गई हूं। मैंने एक नया शो अली बाबाः दास्तान-ए-काबुल साइन किया है और मैं एक बहुत ही महत्वपूर्ण भूमिका निभाने जा रही हूं। कहानी इतनी दमदार है कि इसने मुझे शो लेने के लिए प्रेरित किया।

अभिनेत्री ने कहा, दर्शक इस शो में मेरा एक अलग रंग देखने वाले हैं और मुझे यकीन है कि वह मुझे इस किरदार में पसंद करेंगे। मैं टीवी पर अपनी वापसी को लेकर काफी उत्साहित हूं।













CMYK

# स्वास्थ्य व पोषण के क्षेत्र में लगातार नये कीर्तिमान

» प्रदेश में 2.11 लाख से अधिक बच्चे कुपोषण और एक लाख से अधिक महिलाएं एनीमिया से हुई मुक्त

» राष्ट्रीय औसत से कम है छत्तीसगढ़ में कुपोषण की दर

» नीति आयोग की रिपोर्ट देश के आकांक्षी जिलों में नारायणपुर जिले का बेहतर प्रदर्शन

रायपुर, 21 फरवरी 2023(ए)। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ में बीते चार साल के भीतर स्वास्थ्य और पोषण सहित विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय कार्य किया गया है। हाल में ही राज्य सरकार द्वारा स्कूली बच्चों को मध्यान्ह भोजन में मिलेट्स के व्यंजन को शामिल करने को केंद्र सरकार द्वारा मंजूरी दी गई है। बच्चों में कुपोषण दूर करने और किशोरी बालिकाओं व महिलाओं को एनिमिया से मुक्त करने के लिए मुख्यमंत्री सुपोषण अभियान को अच्छी सफलता मिल रही है। इस अभियान के बाद बच्चों के कुपोषण में 48 प्रतिशत की गिरावट आई है।




छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा स्वास्थ्य और पोषण के क्षेत्र में लगातार ध्यान दिया जा रहा है। सरकार की नवाचारी योजनाओं मुख्यमंत्री हाट बाजार क्लिनिक, दाई-दीदी क्लिनिक, मुख्यमंत्री स्लम स्वास्थ्य योजना, हमर लैब, मलेरिया मुक्त बस्तर और मलेरिया मुक्त छत्तीसगढ़ योजना का संचालन किया जा रहा है। इससे ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधा मिल रही है। छत्तीसगढ़ में लोगों को डॉ. खूबचंद बघेल स्वास्थ्य योजना में 5 लाख रूपए तक की इलाज की सुविधा दी जा रही है। वहीं मुख्यमंत्री विशेष स्वास्थ्य योजना में 20 लाख रूपए तक की इलाज की सुविधा मिल रही है।

मुख्यमंत्री सुपोषण योजना शुरू होने के समय वजन त्यौहार के आंकड़ों के अनुसार प्रदेश में लगभग 4 लाख 33 हजार बच्चे कुपोषित थे। राज्य में अब तक 2 लाख 11 हजार से अधिक बच्चे कुपोषण मुक्त हो गए हैं। इस प्रकार कुपोषित बच्चों की संख्या में 48 प्रतिशत की कमी आई है। पिछले चार वर्षों के दौरान राज्य में कुपोषण की दर में 5.61 प्रतिशत की कमी आई है। राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वेक्षण-5 के अनुसार राज्य में कुपोषण का प्रतिशत 31.3 है, जो कुपोषण के राष्ट्रीय औसत 32.1 प्रतिशत से कम है। अब तक 1 लाख महिलाएं एनीमिया से मुक्त हो चुकी हैं। इस योजना के तहत एनीमिया प्रभावितों को आयरन, फोलिक एसिड, कृमि नाशक गोलियां दी जा रही हैं।

नीति आयोग की ओर से आकांक्षी जिलों के रिपोर्ट में दिसम्बर 2022 के लिए जारी की गयी चैम्पियन ऑफचेंज डेल्टा रैंकिंग में छत्तीसगढ़ के नारायणपुर जिले का परफॉर्मेंस बेहतर रहा है। देश के 112 आकांक्षी जिलों में से ओवरऑल परफॉर्मेंस श्रेणी में शीर्ष पांच जिलों में छत्तीसगढ़ के आकांक्षी जिलों में शामिल नारायणपुर जिला चौथे स्थान पर है। वहीं स्वास्थ्य और पोषण श्रेणी में नारायणपुर जिले का स्थान तीसरा है।

## संक्षिप्त समाचार

### तीर्थयात्रियों से भरी बस पलटी,13 यात्री घायल



रायपुर, 21 फरवरी 2023(ए)। आज तड़के अयोध्या से रायपुर आ रही सुंदर ट्रेवल्स की यात्री बस अचानक अनियंत्रित होकर पलट गयी। घटना गौरेला इलाके के लालपुर पास की बताई जा रही है।

जानकारी के मुताबिक तीर्थयात्रियों से भरी बस गौरेला होते अयोध्या से वापस राजधानी रायपुर लौट रही थी। उसी दौरान लालपुर के पास तेज रफ्तार बस अनियंत्रित होकर पलट गयी। इस सड़क हादसे में 13 लोग घायल हो गये जबकि के 3 वर्ष की बच्ची समेत चार की हालत गंभीर बताई जा रही है।वहीं कुछ यात्रियों को मामूली चोटें भी लगी है।वहीं घटना के बाद से बस चालक मौके से फरार बताए जा रहे है।

# राज्यपाल अनुसुईया उइके को दी भाव-भीनी विदाई

### दिया गया गार्ड ऑफ ऑनर

रायपुर, 21 फरवरी 2023(ए)। राज्यपाल अनुसुईया उइके छत्तीसगढ़ की राज्यपाल का दायित्व संभालने के बाद अब मणिपुर की राज्यपाल का दायित्व निभाएंगी जिसके लिए आज उन्होंने छत्तीसगढ़ से विदाई ले ली है। राज्यपाल अनुसुईया उइके को आज माना स्थित स्टेट हैंगर पर भावभीनी विदाई दी गई। उन्हें विमानतल पर गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने अनुसुईया उइके को पुष्प गुच्छ भेंट कर विदाई दी।



इसके साथ ही साथ विधानसभा अध्यक्ष डॉ. चरणदास महंत, गृह मंत्री ताम्रध्वज साहू, संस्कृति मंत्री अमरजीत भगत, शिक्षा मंत्री डॉ. प्रेमसाय सिंह टेकाम, कोरबा की सांसद ज्योत्सना महंत, विधायक सत्यनारायण शर्मा, विधायक बृजमोहन अग्रवाल ने भी उन्हें विदाई दी।

उल्लेखनीय है कि अनुसुईया उइके को मणिपुर का राज्यपाल बनाया गया है । वही छत्तीसगढ़ के नए राज्यपाल विश्व भूषण हरिचंदन कल सवेरे 10ः00 बजे माना विमान तक पहुंचेंगे। इस अवसर पर मुख्य सचिव अमिताभ जैन, पुलिस महानिदेशक अशोक जुनेजा, अपर मुख्य सचिव सुब्रत साहू ,रायपुर संभाग के आयुक्त यशवंत कुमार, मुख्यमंत्री के सचिव सिद्धार्थ कोमल सिंह परदेशी , सामान्य प्रशासन विभाग के सचिव कमलप्रीत सिंह, राज्यपाल के सचिव अमृत खलखो, अजय यादव, कलेक्टर रायपुर सर्वेश्वर नरेंद्र भुरे, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक प्रशांत कुमार अग्रवाल भी उपस्थित थे।

## नवा रायपुर में नवा सर्किट हाउस एक वीवीआइपी सुइट और मल्टीपरपज हॉल की मिलेगी सुविधा

### सीएम भूपेश ने किया लोकार्पण



रायपुर, 21 फरवरी 2023 (ए)। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने आज नवा रायपुर के सेक्टर- 24 में नव निर्मित सर्किट हाउस का लोकार्पण किया। मुख्यमंत्री ने विधि विधान के साथ पूजा अर्चना करते हुए फीता काटा और नव निर्मित सर्किट हाउस का निरीक्षण भी किया। नव निर्मित सर्किट हाउस का निर्माण 2 एकड़ क्षेत्र में 24 करोड़ रूपए की लागत से हुआ है. इसमें भूतल के अलावा 7 मंजिलों का निर्माण किया गया है। नया रायपुर में अतिथियों की सुविधा के लिए लोक निर्माण विभाग द्वारा छत्तीसगढ़ शासन के महत्वपूर्ण भवन सर्किट हाऊस का निर्माण किया गया है। इसमें 22 नग वातानुकूलित कमरे, 06 नग सुईट रूम, 01 नग व्ही. व्ही.आई.पी. सुईट रुम , 01 नग बैंकेट हॉल (150 सीटर), 01 नग बोर्ड रूम (23 सीटर), 01 नग मीटिंग रूम (54 सीटर), कान्फ्रेंस हॉल (12 सीटर) एवं डाइनिंग हॉल (50 सीटर) निर्मित है। सभी तल में टेरेस गार्डन निर्मित है।

# रेलवे में अतिरिक्त कोच बढ़ाने के लिए स्पेशल ट्रेनों की सुविधा हुई उपलब्ध


रायपुर, 21 फरवरी 2023(ए)। भारतीय रेलवे द्वारा रेल यात्रियों को आरक्षित बर्थ/ सीट के साथ आरामदायक यात्रा की सुविधा उपलब्ध कराने हेतु लगातार कार्य किए जाते है । इसके लिए त्यौहारों, छुट्टियों एवं अन्य अवसरों जिसके दौरान ट्रेनों में ज्यादा भीड़भाड़ रहती है, ऐसे समय पर ट्रेनों में अतिरिक्त कोचों की सुविधा आदि उपलब्ध कराई जाती है साथ ही साथ अत्यधिक भीड़भाड़ वाले विशेष रूटों पर स्पेशल ट्रेनों की सुविधा भी उपलब्ध कराई जाती है ।




इसी कड़ी में इस वित्तीय वर्ष में अप्रैल' 2022 से जनवरी, 2023 तक अलग-अलग स्कूलों में शुरू होने वाली ग्रीष्मकालीन छुट्टियों, जिसमें लोग देश के अलग-अलग पर्यटन स्थलों पर सैर-सपाटे के लिए जाते है तथा शादी ब्याह के सीजन, के दौरान दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के द्वारा कुल 4247 अतिरिक्त कोच अप्रैल, 22 महीने से जनवरी, 23 महीने तक स्लीपर के लिए 3540 कोच, एसी थ्री के लिए 522 कोच, एसी टू के लिए 99 कोच एवं एसी प्रथम के लिए 86 कोच अलग-अलग ट्रेनों में लगाए गये है।

इन सभी कोचों से लगभग 02 लाख 74 हजार 224 रेल यात्रियों को स्लीपर कोच में 249580 रेल यात्रियो, एसी थ्री कोच में 21910 रेल यात्रियो, एसी टू में कोच 2214 रेल यात्रियो एवं एसी प्रथम कोच में 520 रेल यात्रियो ने अतिरिक्त कोचों की सुविधा का लाभ मिला है । इसके साथ ही साथ ज्यादा भीड़-भाड़ वाले रूटो में अनेक स्पेशल ट्रेन चलाए गयी है । इन स्पेशल ट्रेनों से दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के रायगढ़-बिलासपुर-रायपुर-दुर्ग-गोंदिया-नागपुर रेल रूट के साथ ही साथ बिलासपुर-पेंड्रारोड-अनुपपुर-शहडोल-कटनी रूट के रेल यात्रियों को सुविधा मिल है ।

## पटाखा फैक्ट्री में ब्लास्ट



रायपुर/धमतरी,21 फरवरी 2023 (ए)। जिले के ग्राम बरारी पटाखा फैक्ट्री में ब्लास्ट होने से हड़कंप मच गया। आस-पास रहने वाले लोग बारूद के ब्लास्ट से बाल-बाल बच गए। ब्लास्ट की आवाज इतनी जोर की थी कि दो से तीन किलोमीटर दूर तक पहुंचने से ग्रामीणों में हड़कंप मच गया। पटाखा फैक्ट्री अहमद रजा की बताई जा रही है।

ब्लास्ट इतना तेज था कि फैक्ट्री की बाउंड्री ब्लास्ट से ध्वस्त हो गयी। फैक्ट्री का पत्थर, ईंट व ड्रम काफी ऊचाइयों तक जाकर गिरा। इससे एक घर के शेड टूट गया और किचन में भारी नुकसान हुआ है। सूचना पर मौके पर पहुंची फायर ब्रिगेड ने आग को काबू में किया।

एक के बाद एक फटते गए बारूद से भरे ड्रम बताया जा रहा है कि पटाखा फैक्ट्री में टीन में रखे बारूद एक के बाद एक करके फटते चले गए। जिसकी गूंज तीन किलोमीटर तक सुनाई दी और गांव में हड़कंप मच गया। पहले तो ग्रामीण घरों में दुबके रहे, फिर गांव से बाहर निकल फैक्ट्री में देखा तो ब्लास्ट वहीं से हुआ था।

### एआईसीसी प्रभारी महासचिव केसी वेणुगोपाल पहुंचे रायपुर

# ईडी की कार्रवाई पर बोले हम डरेंगे नही



रायपुर, 21 फरवरी 2023(ए)। एआईसीसी के प्रभारी और महासचिव केसी वेणुगोपाल राजधानी रायपुर पहुँच गए है एयरपोर्ट में पत्रकारों से मुखातिब होते हुए वेणुगोपाल ने कहा कि, छतीसगढ़ में चल रही ईडी की कार्रवाई को लेकर कहा कि हमें पहले से मालूम था, जब भी कांग्रेस पार्टी कोई बड़ा आयोजन करती है बीजेपी ईडी और सीबीआई का दुरुपयोग करती है, कांग्रेस पार्टी श्रष्ठ और सीबीआई से डरने वाली नहीं है। ईडी का छापा साफ तौर पर राजनीति विवाद का नतीजा हैं, सीबीआई और ईडी के नाम पर भाजपा डरा नहीं पाएगी। कांग्रेस किसी चीज से डरने या भागने वाली नही, हमें कानून पर भरोसा, कानून के अनुसार लड़ेंगे। हमे पहले से पता था ऐसा कुछ होने वाला है। जहां भी चुनाव या महाधिवेशन है, ईडी आती है। पूरे भारत में यह सब को पहले से पता है। अधिवेशन की तैयारियों को लेकर कहा अधिवेशन को लेकर के तमाम तरह की तैयारियां पूरी हो गई है, बड़ा अरेंजमेंट किया गया हैं। बता दे कि एआईसीसी के प्रभारी महासचिव केसी वेणुगोपाल आज महाधिवेशन स्थल का निरीक्षण करेंगे, निरीक्षण के बाद महाधिवेशन को लेकर करेंगे समीक्षा करेंगे। एयरपोर्ट में मंत्री कवासी लखमा, विधायक विकास उपाध्याय समेत कांग्रेस नेता मौजूद रहे।

## गंडासा लेकर लड़की पर हमला करने वाले आरोपी को फांसी देने की मांग

### परिजनों ने कहा मिट्टी तेल डालकर जलाने वाला था

रायपुर, 21 फरवरी 2023(ए)। राजधानी रायपुर में एक बेहद ही शर्मसार कर देने वाली घटना हुई जिसके बाद ये मामला पूरे देश भर में आग की तरह फ़ैल गया। राजधानी के गुढ़ियारी इलाके में शनिवार देर शाम एक 47 साल का शख्स 16 साल की नाबालिग लड़की का बाल पकड़कर सरेराह लेकर कहीं जाता दिखाई दे रहा था। आरोपी के हांथ में गंडासा और लड़की को खून से लथपथ देख हर कोई समझ गया कि यह शख्स सिरफिरा है और इसी वजह से कोई भी बीचबचाव करने नहीं गया।



बताया गया कि आरोपी शख्स ओंकार नाबालिग लड़की से शादी करना चाहता था लेकिन लड़की ने मना कर दिया और उसके यहां नौकरी छोड़ दी जिसके बाद सिरफिरा शख्स गड़ासा लेकर लड़की के घर घुस गया और उस पर ताबड़तोड़ हमला कर दिया था। लड़की खून से लथपथ होकर अपनी जान बचाने के लिए भागने लगी लेकिन रास्ते में गिर गई।

इसी बीच आरोपी पहुंचा और लड़की का बाल पकड़ कर उसका बाल पकड़कर घसीटने लग गया। पुलिस ने धारा 307 के तहत केस दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। अब इस मामले में कल सोमवार देर रात मोहल्लेवालों का गुस्सा फूट पड़ा और लोगों ने गुढ़ियारी पुलिस स्टेशन का घेराव कर दिया। आक्रोशित लोगों ने आरोपी को फांसी देने की मांग की है। बड़ी संख्या में आसपास के लोग गुढ़ियारी थाने पहुंचे और जमकर विरोध-प्रदर्शन किया। लोगों ने नारेबाजी करते हुए शासन-प्रशासन से आरोपी के लिए फांसी की मांग की। फिलहाल आरोपी पुलिस की गिरफ्त में है। वहीं डॉक्टरों ने पीड़िता की हालत भी खतरे से बाहर बताया है।

परिजनों का कहना है कि आरोपी ओंकार तिवारी के पास केरोसिन भी मिला है। जब वह लड़की के घर पहुंचा तो इसके पास मिट्टी का तेल मौजूद था। लड़की पर यह तेल डालकर उसे जलाने की कोशिश भी आरोपी करने वाला था। फिलहाल पुलिस आरोपी और लड़की के परिजनों से पूछताछ कर रही है। लड़की की हालत ठीक होने पर पुलिस उसका भी बयान लेगी।

# भ्रष्टाचार में संलिप्त पूर्व डीईओ को गिरफ्तार कर भेजा जेल

रायपुर/जांजगीर-चांपा , 21 फरवरी 2023(ए)। जिले में पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए पूर्व डीईओ को गिरफ्तार कर लिया है जिसके बाद उसे जेल भेज दिया गया है। पूरा मामला भ्रष्टाचार को लेकर है। ये कार्रवाई शिक्षा के अधिकार अधिनियम के तहत प्राप्त होने वाली राशि में पात्रता से अधिक की राशि फर्जी तरीके से स्वीकृत करवाकर गबन के मामले में की गई है। दरअसल वित्तीय वर्ष 2019- 2020 में तत्कालीन जिला शिक्षा अधिकारी कुंजल सिंह ने कुल 172 निजी स्कूलों द्वारा प्रस्तुत मांग पत्र का पुष्टिकरण कर मांग राशि कुल 57090745/रू का भुगतान करने स्कूलवार जानकारी तैयार कर लोक शिक्षण संचानालय इंद्रावती भवन नया रायपुर को भेजा था। इस प्रस्ताव के तहत अधिक राशि निकाली गई थी ।

मामले में मयूरा कान्वेंट स्कूल भी शामिल है जिसकी जानकारी तत्कालीन जिला शिक्षा अधिकारी कुंजल सिंह तोमर को भी थी। विवेचना के दौरान प्रार्थी व गवाह का कथन लिया गया एवं प्रस्तुत दस्तावेजों के आधार पर मयूरा कान्वेन्ट स्कूल बलौदा के संचालक राजेन्द्र मौर्य के द्वारा प्रलोभन दिये जाने पर तत्कालीन शिक्षा का अधिकार खण्ड प्रभारी शिवानंद राठौर, सहायक ग्रेड-2 तथा विकास कुमार साहू, कम्प्यूटर आपरेटरके द्वारा छलपूर्वक शिक्षा के अधिकार अधिनियम के तहत मयूरा कान्वेन्ट स्कूल बलौदा के 2019-20 के मांग पत्रक में अंकित राशि में



कांट-छांट कर पात्रता से अधिक राशि 72,27,690 रूपये का मांग पत्र तैयार कर स्वीकृति हेतु कार्यालय संचालक, लोक षिक्षण संचालनालय, इंद्रावती भवन, नवा रायपुर को प्रेषित किया गया था। शिक्षा के अधिकार अधिनियम के तहत् सत्र 2019-20 में मयूरा कान्वेन्ट स्कूल बलौदा के खाता में शिक्षा के अधिकार अधिनियम के तहत् कुल राशि 72,27,690 रूपये का भुगतान होना पाया गया। जिस पर प्रकरण में धारा 467 ,468, 471,120 बी भादवि जोड़ी गई। प्रकरण के आरोपी राजेन्द्र मौर्य, शिवानन्द राठौर एवं विकास कुमार साहू को पुलिस हिरासत में लेकर मनौवैज्ञानिक तरीके से पूछताछ करने पर अपना जुर्म स्वीकार किया । विभाग की जानकारी में प्रकरण आने पर स्वीकृत राशि में से तीस लाख रूपये को आरोपी राजेन्द्र मौर्य ने जिला शिक्षा अधिकारी जांजगीर-चांपा के खाते में वापस किया। पंद्रह हजार रूपए मयूरा कान्वेन्ट स्कूल के नाम से संचालित खाता ने और बची रकम को खर्च कर दिया।

विवेचना के दौरान आरोपियों ने अपना जुर्म स्वीकार किया और उनके खिलाफ पर्याप्त सबूत पाये जाने पर राजेन्द्र मौर्य, शिवानंद राठौर और विकास कुमार साहू को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमाण्ड पर भेजा जा चुका है और प्रकरण में शामिल आरोपी कुंजल सिंह तोमर को दिनाँक 20 फरवरी 23 को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड में भेजा गया।

## आयरन से भरी ट्रक को किया आग के हवाले

रायपुर/नारायणपुर , 21 फरवरी 2023 (ए)। इस वक्त की नक्सल प्रभावित जिले से बड़ी खबर आई है. जहां एक बार फिर से नक्सलियों का कारनामा करतूत देखने को मिला है. नक्सलियो ने आयरन से भरी ट्रक को आग के हवाले कर दिया है. जानकारी के मुताबिक, आयरन से भरी ट्रक आमदई खदान से रायपुर की ओर जा रही थी। इसी दौरान ट्रक बडगांव के पास खराब हो गई, जिसके बाद चालक ने सड़क किनारे ट्रक को खड़े कर



दिया। इसी मौके का फायदा उठाते हुए नक्सलियों ने देर रात ट्रक में आग लगा दी। घटना छोटेडोंगर थाना क्षेत्र का है। नक्सलियों की इस हरकत से पूरे इलाके में दहशत का माहौल बन गया है। आपको बता दें कि, इससे पहले नक्सलियों ने कल एक पर्चा जारी किया नक्सली पर्चा में माइंस में लगे ट्रक ड्राइवरों को ट्रक चलाने से मना किया है माओवादियों ने फरमान जारी करते हुए कहा है कि जो भी ड्राइवर आमदई खदान से लौह अयस्क निकालने में सहयोग करेगा उसे जान से मार दिया जाएगा।

## रिश्वत मांग कर परेशान कर रहा था बाबू

रायपुर/सक्ती , 21 फरवरी 2023 (ए)। एक घूसखोर बाबू का रिश्वत लेते वीडियो सामने आया है.जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है. पूरा मामला सक्ती जिले के तहसील कार्यालय में पदस्थ बाबू का है. एक किसान अपनी जमीन संबंधित कागजों को सत्यापित कराने गया था। जिससे कार्य करने के बदले वहाँ पदस्थ बाबू ने रिश्वत की मांग की।

वहीं किसान ने बाबू को सबक सिखाने रिश्वत देने के दौरान उसका वीडियो बनाया और सोसल मीडिया में वायरल कर दिया। इधर किसान ने पुरे मामले की शिकायत एसडीएम से की है। हालांकि अधिकारी इस मामले में जांच की बात कह रहे है। यह वीडियो सक्ति जिले के मालखरौदा तहसील का बताया जा रहा है।

आपको बता दे की कुछ महीने पहले ही मालखरौदा में एसडीएम कार्यालय खुला है। जहाँ तहसील कार्यलय भी संचालित होता है। इस कार्यालय में दो जिम्मेदार अधिकारी होने के बाद भी तहसील कार्यालय में पदस्थ बाबू सुरेश कुमार द्वारा खुलेआम रिशवत लेना दर्शाता है की भ्रष्टाचार का बोलबाला सर्वत्र व्याप्त है।

प्रकाशक,मुद्रक,स्वामी अविनाश कुमार सिंह के द्वारा सांई ऑफसेट प्रिंटर्स,नमनाकला,संत हरकेवल विद्यापीठ के पास,अम्बिकापुर से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक-अविनाश कुमार सिंह* (पी.आर.बी.कानून के अनुसार संपूर्ण संपादकीय दायित्व के लिए जिम्मेदार)
RNI Reg.No. CHHHIN/2004/15050,मो. 94062-23001,98265-32611,Email:ghatatighatana11@ gmail.com,Website:www.ghatatighatana.com, (सभी विवादों का न्याय क्षेत्र अम्बिकापुर न्यायालय मान्य होगा)